हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार, 4 फरवरी 2025



# 17 मार्च से 5वीं-8वीं बोर्ड परीक्षाएं, जिला स्तर पर तैयार होगा प्रश्न पत्र, 30 अप्रैल को जारी होंगे परिणाम..फेल होने पर भी बच्चों को अगली कक्षा में दिया जाएगा प्रवेश

## जिला स्तर पर गठित होगी संचालन समिति, सीबीएसई-आईसीएसई स्कूलों को छोड़ सभी में होगी बोर्ड परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

इस साल से शुरु होने जा रही पांचवी-आंठवी की बोर्ड परीक्षाएं की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। आगामी 17 मार्च से परीक्षाएं प्रारंभ होगी, जिसकी समाप्ति चार अप्रैल को होगी। परीक्षा उपरांत परिणामों की घोषणा 30 अप्रैल को शाला प्राचार्य द्वारा की जागी। परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र तैयार करने का काम जिला स्तर पर ही किया जाएगा, हालांकि इसके लिए राज्य स्तर से ब्लूप्रिंट जारी कर दिया गया है। वहीं मूल्यांकन से लेकर परीक्षा आयोजन को लेकर भी सभी प्रकार के दिशा-निर्देश जारी किए गए है। खास बात यह है कि इन परीक्षा में फेल होने वाले विद्यार्थियों को भी अगली कक्षा में क्रमोन्नति किया जाएगा।

### मूल्यांकन के मिलेंगे 3 रुपए

पांचवी-आठवीं कक्षा की परीक्षा के बाद उसके मूल्यांकन की गाईडलाइन भी जारी कर दी गई है। जिला स्तर पर होने वाले मूल्यांकन में 5वीं कक्षा के लिए प्रति उत्तर पुस्तिका दो रुपए एवं 8वीं कक्षा के लिए प्रति उत्तर पुस्तिका तीन रुपए का पारिश्रमिक दिया जाएगा। वहीं मुख्य मूल्यांकनकर्ता को 100 रुपए प्रतिदिन व मूल्यांकन केंद्राध्यक्ष को 150 रुपए प्रतिदिन भुगतान होगा। वहीं परीक्षा एवं मूल्यांकन केंद्र के व्यय के लिए 5वीं हेतु 2 रुपए प्रति छात्र एवं आठवी के लिए तीन रुपए प्रति छात्र के अनुसार भुगतान होगा।



### ऐसी रहेगी समय सारिणी

पाचंवी की पहली परीक्षा 17 मार्च को गणित विषय की होगी, 21 मार्च को अंग्रेजी, 24 मार्च को हिंदी एवं 27 मार्च को पर्यावरण की परीक्षा होगी। आंठवी कक्षा में 18 मार्च को गणित, 22 मार्च को हिंदी, 26 मार्च को अंग्रेजी, 29 मार्च को सामाजिक विज्ञान, 01 अप्रैल को विज्ञान एवं 3 अप्रैल को संस्कृत-उर्दु की परीक्षा होगी। अनुत्तीर्ण होने वाले छात्रों की एक जुन से पुरक परीक्षा ली जाएगी।

### तीन सेट तैयार करेंगे विशेषज्ञ

जिला स्तर पर ही दोनों कक्षाओं के लिए प्रश्नपत्र तैयार करने का काम किया जाएगा। बताया गया कि विषय विशेषज्ञों द्वारा हर विषय के लिए तीन-तीन सेट तैयार किए जाएंगे, जिसे सीलबंद लिफाफे में जिला स्तरीय संचालन समिति को भेजा जाएगा। जिला स्तरीय संचालन समिति द्वारा चयनित सेट को ही फाइनल कर छपवाया जाएगा। वहीं कक्षा 5वीं में 50 अंक की परीक्षा में 10 अंक के प्रायोजना एवं 8वीं की 100 अंक की परीक्षा में 20 अंक के प्रायोजना शामिल रहेंगे।

**30 मार्च से होगा मूल्यांकन** : परीक्षा के दौरान ही 30 मार्च से मूल्यांकन का काम शुरु कर दिया जाएगा। 30 मार्च से पाचंवी कक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं एवं 4 अप्रैल से आठंवी की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरु होगा। रोजाना एक मूल्यांकनकर्ता अधिकतम 40 कॉपियां ही जांच पाएगा। मूल्यांकन 15 अप्रैल तक पूरा करने के बाद 25 अप्रैल तक अंकसूची विद्यालयवार तैयार की जाएगी। 28 अप्रैल को संबंधित स्कूलों में अंकसूची भेजी जाएगी। वहीं उत्तरपुस्तिकाओं को भी तीन महिने तक सुरक्षित रखा जाएगा।

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिला स्तर पर 5वीं-8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा के लिए जिला स्तरीय संचालन समिति का गठन किया जाएगा। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी, डाइट प्राचार्य सहित कुल 9 सदस्यों को शामिल किया जाएगा। यह समिति ही परीक्षा संचालन का पूरा जिम्मा संभालेगी। गैर अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों को प्रति छात्र पांचवी कक्षा के लिए परीक्षा को लेकर 55 रुपए का शुल्क जमा करना होगा। वहीं आठवी कक्षा के लिए 60 रुपए प्रति छात्र की फीस स्कूलों को शिक्षा विभाग में जमा करना होगा। वहीं इतने ही पैसे परीक्षा संचालन के लिए जिला शिक्षा विभाग की तरफ से सरकारी स्कूलों को दिया जाएगा।

### त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव: 6 को नाम वापसी के बाद साफ होगी चुनावी तस्वीर

# जिपं चुनाव में 68 ने भरा नामांकन गांव का मुखिया बनने के लिए होड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

त्रि- स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए इस बार ग्रामीण नेताओं ने जमकर रूचि दिखाई है। हालात यह है कि पंच सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायात सदस्य के निर्धारित पदों से चार गुना नामांकन आये हैं। वहीं गांव के मुखिया के लिए भी सैकड़ों ग्रामीण नेताओं ने नामांकन फार्म दाखिल किया है। उल्लेखनीय है कि त्रि - स्तरीय पंचायत चुनाव में करीब 5590 पंच, 404 सरपंच, 95 जनपद सदस्य और 13 जिला पंचायत सदस्य के पदों पर चुनाव होना है।

जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन के लिए नामांकन के अंतिम दिन अभ्यर्थियों की होड़ लगी रही। अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया।

जिला पंचायत सदस्य के लिए शनिवार तक 16 लोगों ने ही अपना नामांकन भरा था जबकि 71 नामांकन फॉर्म ले जाए गए थे। वहीं रविवार होने के चलते नामांकन जमा नहीं हो पाने की वजह से सोमवार अंतिम दिन को नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने वालों की भारी भीड़ रही।



### मतदाताओं से मांगा समर्थन

जिला पंचायत सदस्य के तौर पर नामांकन करने पहुंचने वाली महिलाओं की काफी भीड़ रही। इस दौरान जिला पंचायत परिसर में ही महिला नेत्रियों ने अपने क्षेत्र के लोगों को संबोधित किया।

### अंतिम दिन रही होड़

दलबल के साथ अलग-अलग क्षेत्र से पहुंचे अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया। नाम निर्देशन पर दाखिले की अंतिम दिन ही 52 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन भरा। इस तरह से 13 सदस्यों वाले जिला पंचायत के लिए कुल 68 नाम निर्देशन पत्र दाखिल हुए हैं।

### नामांकन वापसी के बाद होगी स्थिति स्पष्ट

नामांकन दाखिले की अंतिम तिथि तक 68 नॉमिनेशन फार्म जमा हुए हैं। वहीं 6 फरवरी को नामांकन वापसी के अंतिम तिथि के बाद जिला पंचायत क्षेत्र में चुनाव लड़ने वालों की स्थिति स्पष्ट होगी। नामांकन दाखिले की प्रक्रिया पूरी करने के बाद अभ्यर्थी चुनावी रणनीति बनाने में जुट गए है। अभ्यर्थी गांवों में अपने समर्थकों के साथ चुनाव में अपने विरोधियों को पटकनी देने से लेकर चुनाव में जीत के लिए बैठक कर रहे है।

### मोबाइल छिन कर भागने वाले पकड़ाए

**राजनांदगांव।** प्रार्थी से मोबाईल छिन कर भागने के मामले में पुलिस ने जांच पडताल करते हुए आरोपियों को पकड कर कार्यवाही की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी चन्द्रप्रकाश सोनवानी उम्र 25 साल रेंगाकठेरा, जिला बालोद का रिपोर्ट दर्ज कराया कि 1फरवरी को शाम साढे 4 बजे मोहारा शराब भट्ठी के पास दो अनजान लोग उसके विवो कंपनी के मोबाईल को छींनकर भाग गये। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध धारा 304, 3(5) भारतीय न्याय संहित के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

**पुलिस ने की कार्यवाही**

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश व मार्ग दर्शन में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व पर अज्ञात आरोपी की सरगर्मी से पता तलाश की जा रही थी। मुखबीर के बताये अनुसार संदेहियो को हिरासत में लेकर कडाई से पूछताछ पर घटना दिनांक अपने साथी के साथ मोहारा शराब भट्ठी के पास एक व्यक्ति से मोबाईल झपटमारी करना स्वीकार किये। आरोपी राहुल कैवर के कब्जे से एक नग विवो कंपनी का मोबाईल बरामद कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर पेश किया। न्यायायल से एक आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने उपरान्त जेल दाखिल किया गया तथा विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया जहां से बाल संरक्षण गृह भेजा गया।

### घर से आभूषण चोरी

**राजनांदगांव।** घर का ताला तोड़ कर चोरो ने प्रवेश किया और आभूषण चोरी कर फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कराया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थियां ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीती रात अज्ञात चोरो ने घर का ताला तोड कर कमरे में रखे पेटी का गुजर तोड कर उसमें रखे दो नग सोने का नेकलेस, सोने की 3 जोडी कान का ईयर रिंग, सोने का दो नग अंगूठी, सोने का एक नग पेन्डेल , चांदी की पैर पटटी, चोदी का कमर बंद, चांदी की बिछिया, चांदी का चाबी रिंग एवं नगदी रकम आठ हजार रूपये को चोरी कर लिए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. किशोर सांगोड़े
MBBS, MD (Internal Medicine)
• ब्लड प्रेशर • बुखार • पेट रोग
• शुगर • खांसी • किडनी
• थायराइड • छाती रोग • लकवा
• माइग्रेन
• श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या • नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365


माय एंगल




# दिन में सामान्य से चार डिग्री अधिक तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

फरवरी महीने की शुरुआत के साथ ही मौसम का गर्म होना भी शुरु हो गया है। दिन के तापमान के साथ ही अब रात से भी ठंडक गायब हो गई है। गर्म कपड़ों का उपयोग लगभग बंद हो गया है, वहीं दिन का तापमान सामान्य से चार डिग्री तक अधिक पर है। अगले तीन दिनों में रात का तापमान भी चढ़ने के आसार बताए गए है। हालांकि उसके बाद 6 और 7 फरवरी को न्यूनतम तापमान में कुछ गिरावट देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी अफगानिस्तान और उससे लगे ईरान के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 9.4 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से प्रदेश में पूर्वी से हवा आ रही है जिसके कारण न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है किंतु हल्की गिरावट संभावित है। प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में 4 फरवरी से न्यूनतम तापमान में वृद्धि



होने की संभावना है। उसके बाद 6 और 7 फरवरी को न्यूनतम तापमान में गिरावट होने की संभावना बन रही है। इस अवधि में प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि आने वाले चार दिनों में न्यूनतम तापमान में क्रमिक रूप से एक से तीन डिग्री तक वृद्धि होगी। इससे गर्मी लगातार बढ़ेगी। उत्तर से ठंडी हवा आने का सिलसिला थम गया है। वातावरण में अब शुष्कता बढ़ने लगी है। मौसम साफ है। इस वजह से दिन और रात के तापमान में वृद्धि हो रही है।

### 34 डिग्री पहुंचा तापमान

अंचल में अधिकतम तापमान में लगातार वृद्धि देखने को मिल रही है। सोमवार को अंचल का अधिकतम तापमान 34 डिग्री दर्ज किया गया, यह सामान्य से लगभग चार डिग्री अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 20 डिग्री के करीब पहुंच गया है। इसमें अगले तीन दिनो में 2 से 3 डिग्री का और इजाफा देखने को मिल सकता है। इधर मौसम में उतार-चढ़ाव के चलते बच्चों और बुजूर्गों की सेहत पर भी असर देखने को मिल रहा है।




# सीएम साय छह को तीन वार्ड में लेंगे सभाएं, तीन जिलो के निकायों में जनसंपर्क कर चुनाव प्रचार करेंगे भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा में अब अपने प्रचार अभियान को तेज करने की रणनीति तैयार की है। आगामी 6 फरवरी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शहर के तीन स्थानों में चुनावी सभाओं को संबोधित कर महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव सहित भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों की जीत के लिए अपील करेंगे। वहीं विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह आगामी 7 फरवरी को शहर के समाज सेवियों के साथ बैठक करेंगे।

आगामी 11 जनवरी को होने वाले नगर निगम चुनाव के मतदान को लेकर भाजपा ने चरणबद्ध तरीके से प्रचार अभियान का आगाज किया है। वार्ड स्तर पर कार्यालय के उदघाटन के साथ-साथ मेयर और पार्षद प्रत्याशियों द्वारा डोर-टू डोर-संपर्क अभियान चल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय छह फरवरी को शाम साढ़े चार बजे गौरीनगर, साढ़े पांच बजे लखोली और साढ़े छह बजे तुलसीपुर में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

### डिप्टी सीएम भी आएंगे

निगम चुनाव को लेकर प्रदेश के डिप्टी सीएम अरूण साव भी कल 4 फरवरी को शहर के दौरे पर रहेंगे। वे यहां शाम चार बजे बजरंगपुर नवागांव, पांच बजे सिंधु भवन में साहू समाज की बैठक को संबोधित करेगें।

शाम सात बजे नंदई वार्ड में जनसंपर्क करेगें। वहीं विधायक अनुज शर्मा कल शाम को हल्दी वार्ड, कौरिनभाठा तथा शंकरपुर वार्ड के दौरे पर रहेगें।

### गढ़ में अभिषेक ने संभाली कमान

विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह भी नगर निगम चुनाव को लेकर आगामी सात फरवरी को शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनो के साथ बैठक करेंगे। उल्लेखनीय है कि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह पिछले हफ्तेभर से लगातार चुनावी बैठके और जनसंपर्क में जुटे हुए है। वे लगातार चुनावी रणनीति तैयार करने का भी काम कर रहे है।

### तीन जिलों में सात सभाएं लेंगे पूर्व सीएम



नगरीय निकाय चुनाव को लेकर प्रचार अभियान में आज पूर्व सीएम भूपेश बघेल अपनी ताकत झोंकेंगे। तीन जिलों में सात जनसभाएं कर पूर्व सीएम कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए वोट मांगेंगे। इनमे राजनांदगांव, खैरागढ़ और कवर्धा जिला शामिल है। उल्लेखनीय है की अविभाजित राजनांदगांव जिले में टिकट वितरण को लेकर भी पूर्व सीएम की पसंद को ही प्राथमिकता दी गई है। राजनांदगांव महापौर से लेकर डोंगरगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशियों के चयन में भी उनके समर्थकों को प्राथमिकता मिली है। यहीं कारण है की अब प्रचार अभियान में भी पूर्व सीएम अपनी ताकत झोकते नजर आयेंगे।

पूर्व सीएम भूपेश बघेल आज राजनांदगांव जिले में डोंगरगांव, छुरिया, एलबी नगर, डोंगरगढ़ में जन सभाएं करेंगे। इसके बाद खैरागढ़ जिले में छुईखदान और गंडई में जन सभायें होगी, सबसे अंत में कवर्धा में जनसभा को संबोधित कर अभियान का अंत किया जाएगा।

पूर्व सीएम भूपेश बघेल अपने अगले दौरे में राजनांदगांव नगर निगम में प्रचार करते नजर आयेंगे। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नंदगांव में अलग-अलग इलाकों में चार नुक्कड़ सभा का आयोजन होगा। वहीं शहर के मध्य इलाके में एक पैदल यात्रा भी निकाली जाएगी।

## पंच, सरपंच बनने कहीं होड़ तो कई पंचायत में नामांकन नहीं आएं

# नामांकन के बाद सक्रिय हुए अभ्यर्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

जिला पंचायत चुनाव की नामांकन प्रक्रिया सोमवार को पूर्ण हो गई। नाम निर्देशन फार्म जमा करने के अंतिम मुख्यालय में खासी भीड़ रही। भाजपा ने अपने सभी उम्मीदवारों की पहले ही सूची जारी कर दिया है। वहीं कांग्रेस की सूची जारी होना शेष है। बताया जा रहा है कुछ सीट में टिकट वितरण को लेकर पार्टी उलझ गई है जिसके चलते सूची जारी नहीं हो पा रही है।

जानकारी के अनुसार जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 साल्हेवारा में कांग्रेस ने केकती राजेन्द्र मेरावी को प्रत्याशी बनाया है। क्षेत्र क्रमांक दो पैलीमेटा में भाजपा ने परमेश्वरी सिन्हा को उम्मीदवार बनाया है। जबकि कांग्रेस ने निर्मला विजय वर्मा को मैदान में उदाता है। उसी प्रकार क्षेत्र क्रमांक 3 कटंगी में भाजपा ने प्रियंका ताम्रकार को प्रत्याशी बनाया है। उनका सामना पूर्व जनपद उपाध्यक्ष कविता अशोक जंघेल से होगा। क्षेत्र क्रमांक 4 भूरभूसी में भाजपा ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह को उम्मीदवार बनाया है जो जिला के शीर्ष नेताओं में एक हैं। कांग्रेस से शत्रुहन मन्नु चंदेल प्रत्याशी हैं। क्षेत्र क्रमांक 5 उदयपुर में भाजपा से ललित चोपडा उम्मीदवार है। वही कांग्रेस ने जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष कामदेव जंघेल पर भरोसा जताया है। इसी प्रकार क्षेत्र क्र. 6 में लीलाधर वर्मा, क्षेत्र क्रमांक 7 में तारा पाल, क्षेत्र क्र. 8 में लक्ष्मी सिरमौर, क्षेत्र क्र. 9 में दसमत जंघेल और क्षेत्र क्र. 10 में खेमेश्वरी वर्मा को उम्मीदवार बनाया है।



### गांव का मुखिया बनने की होड़

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत सोमवार तक नाम निर्देशन फार्म जमा हुआ। सभी कलस्टर में नामांकन जमा करने वालों की अच्छी खासी भीड़ देखने मिली। पंचायतों में सरपंच के साथ पंच बनने की होड़ मची है। कुछ पंचायत ऐसी हैं जहां सरपंच बनने आधा दर्जन से अधिक लोगों ने नामांकन भरा है। वही कुछ पंचायत के आधे से अधिक वार्ड में एक ही आवेदन नहीं आया है। जानकारी के अनुसार सड़क अतरिया कलस्टर की 7 पंचायत के सरपंच पंच के लिए करीब 168 फार्म जमा हुआ है। सरपंच के लिए संड़ी में 7, खैरा नवापारा में 6, कुकुरमुड़ा एवं विचारपुर में चार चार, सड़क अतरिया में 3 तथा खैरबना व भरदा गोड़ में दो दो फार्म जमा हुए हैं। ग्राम पंचायत खैरा नवापारा के 8 वार्डों में पंच बनने के लिए एक फार्म जमा हुआ है। इसी प्रकार खैरबना के 6 वार्ड, कुकुरमुडा, भरदा एवं अतरिया के 5 वार्ड में भी पंच के लिए एक एक आवेदन जमा हुआ है।

## भाजपा की सूची अब तक जारी नहीं

**डोंगरगांव।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नामांकन फार्म भरने की प्रक्रिया के तहत जनपद पंचायत के 20 निर्वाचन क्षेत्र के लिए 66, सरपंच के 76 पद के लिए 258 और पंचायत के 1057 पद के लिए 1584 ने नामांकन दाखिल किया जा चुके है। सोमवार को नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन था।

जानकारी अनुसार जनपद क्षेत्र क्र. 01 बांकल से पार्वती सतनामी, सावित्री बंजारे, सरस्वती मारकंडे, क्षेत्र क्र. 4 घोरदा से राजेन्द्र गुप्ता, भेलस साहू, क्षेत्र 5 मचानपार से पुनेश्वर जोशी, द्वारिकादास टंडन, नेतराम देशलहरे, मीनाक्षी देशलहरे, क्षेत्र क्र. 6 मारगांव से सहदेव सिन्हा, महेश्वर साहू, क्षेत्र क्र. 7 दीवानभेड़ी से चन्द्रिका रोहित सोनकर, क्षेत्र क्र. 9 आरी से चितरेखा साहू, कुमारी साहू, क्षेत्र 10 माथलडबरी से आशा भूषण देवांगन, क्षेत्र 13 रूदगांव से पद्मिनी साहू, देवकुंवर बाई गंजीर, क्षेत्र 14 अर्जुनी से मोहनीश साहू, क्षेत्र 15 रामपुर से मनीष साहू, माधुरी ठाकुर, दीनू यादव, क्षेत्र 17 करमतरा से महेन्द्र साहू, क्षेत्र 18 कोकपुर से ऐमनलाल साहू, ताराचंद जैन ने फार्म जमा किया है।

### कांग्रेस ने चार को किया रिपीट

जनपद पंचायत के 20 निर्वाचन क्षेत्र में से 16 के लिए कांग्रेस ने अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा कर दिया है। मौजूदा कार्यकारिणी के 4 सदस्य चन्द्रिका रोहित सोनकर, नरबदबाई चन्द्रवंशी, दीबिका साहू और मोहनीश साहू को पार्टी ने दोबारा मौका दिया है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष गणेश साहू द्वारा जारी सूचि के अनुसार निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक एक बांकल से गौरी भारती, क्षेत्र दो तुमड़ीबोड़ से सरिता मदन साहू, क्षेत्र तीन कोहका से सुशीला निषाद, क्षेत्र पांच मचानपार से नेतराम देशलहरे, क्षेत्र छह मारगांव से कुमानसिंग नेताम, क्षेत्र सात दीवानभेड़ी से चन्द्रिका रोहित सोनकर, क्षेत्र आठ मनेरी नरबदबाई चन्द्रवंशी, क्षेत्र 10 माथलडबरी आशा भूषण देवांगन, क्षेत्र 11 खुज्जी रविकुमार साहू, क्षेत्र 12 खुर्सीपार से दीबिका साहू, क्षेत्र 13 रूदगांव से पूर्णिमा साहू, क्षेत्र 14 अर्जुनी मोहनीश साहू, क्षेत्र 15 रामपुर से रूपेशकुमार साहू, क्षेत्र 17 करमतरा से राजेन्द्रकुमार साहू, क्षेत्र 19 तिलईरवार से कांतिबाई चन्द्रवंशी और क्षेत्र क्रमांक 20 आसरा से अनिता पंचारी को उम्मीदवार बनाया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र क्रमांक 4 घोरदा, क्षेत्र क्रमांक 9 आरी, क्षेत्र क्रमांक 16 मोखली और क्षेत्र क्रमांक 18 कोहका के उम्मीदवार की घोषणा नहीं किया गया है।

## जनपद के लिए कांग्रेस ने उतारे प्रत्याशी

**डोंगरगढ़।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, जिला अध्यक्ष भागवत साहू, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, विधायक दलेश्वर साहू, नवाज खान की अनुमति, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश सिन्हा एवं हीरा सोनी की सहमति से कांग्रेस ने जनपद सदस्यों की अधिकृत सूची जारी कर दिया है।

जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ जनपद पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 1 कोठीटोला पूर्णाबाई मंडावी, क्षेत्र 2 चारभांठा से रोहित चंद्रवंशी, क्षेत्र 3 बागरेकसा से भोजलाल मंडावी, क्षेत्र 4 मडियान जागरबाई कंवर, क्षेत्र 5 सेंदरी चित्र कुमार साहू, 6 रामाटोला महेश कुमार सेन, 7 मोतीपुर उर्वशी वर्मा, 8 मेढा प्रीति वैष्णव, 9 मोतीपुर मंजू वर्मा, 10 बोरतालाब अशोक ठाकुर, 11 तोतलभर्री हितेश्वरी गौड़, 12 बरनारा कला जेठू चंद्रवंशी, 3 अछोली त्रिवेणी वर्मा, 14 राका निर्मलदास साहू, 15 पिपरिया हेमराज सिन्हा, 16 मुडपार सरिता वर्मा, 17 मुसराकला लक्ष्मीबाई साहू, 18 भानपुरी सरिता धुर्वे, 19 कलकसा अहिल्याबाई कंवर, 21 रीवागहन पार्वतीबाई चंदेल, 22 मोहरा हेमिन भारती, 24 सेम्हरा मनहरण सिन्हा और क्षेत्र क्रमांक 25 पुरैना से अनिता साहू को प्रत्याशी बनाया गया है।

### कांग्रेस नेता चुम्मन साहू भी आए मैदान में

**छुरिया।** जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 12 गैंदाटोला से जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू ने नामांकन दाखिल कर दिया है। उन्होंने कारों के काफिले के साथ राजनांदगांव जाकर पर्चा भरा। रैली में बड़ी संख्या में उनके समर्थक शामिल हुए। श्री साहू के नामांकर दाखिले से क्षेत्र की राजनीति गरमा गई है।




## छुईखदान

| वार्ड क्रमांक | महिला | पुरुष | कुल | कांग्रेस | भाजपा | अन्य |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 152 | 138 | 290 | प्रकाश महोबिया | कौशल चंदेल | |
| 2 | 177 | 162 | 339 | निशा डी के नामदेव | किरण निशांत वैष्णव | |
| 3 | 247 | 233 | 480 | देवेंद्र नेताम | पन्ना लाल मांडवी | |
| 4 | 263 | 231 | 494 | इमरान भाई | उमाकांत महोबिया | |
| 5 | 223 | 205 | 428 | रूपबाला महोबिया | सुषमा सुरेंद्र चंद्राकर | |
| 6 | 183 | 156 | 339 | निधि तिवारी | प्रमबाई सुभाष जैन | |
| 7 | 226 | 203 | 429 | शैव्य वैष्णव | मनीषा गजानंद महोबिया | |
| 8 | 153 | 129 | 282 | मथुरा सुरेश यादव | अनुभा जैन | निर्दलीय : मथुरा अशोक यादव |
| 9 | 180 | 160 | 340 | विनोद तिवारी | पंचराम साहू | निर्दलीय : ममता चंद्राकर, राजकुमार ठेठवार |
| 10 | 187 | 159 | 346 | मनीष कोचर | श्रीकांत महोबिया | जितेंद्र कुमार सोनी (आप) |
| 11 | 232 | 225 | 457 | चंद्रेश कुंभकार | मोहन कुंभकार | |
| 12 | 220 | 224 | 444 | शैलेश देवांगन | धनेन्द्र देवांगन | |
| 13 | 178 | 153 | 331 | मोहन लाल कामड़े | महेश मरकर | निर्दलीय : आर्यन मेश्राम, कामेश गात्रे |
| 14 | 225 | 198 | 423 | प्रेम सिंह पाल | धनी राम पाल | निर्दलीय : सुखी राम पाल, शेख फरीद मोमिन |
| 15 | 248 | 215 | 463 | संजू नेताम | ज्ञान सिंह यादव | राजेश्वरी वर्मा (आप) |

### खबर संक्षेप

#### शिशु मंदिर में विद्यारंभ संस्कार

**मुसरा।** भारतीय संस्कृति के अनुसार 3 फरवरी को सरस्वती शिशु मंदिर मुसरा में बसंत पंचमी एवं विद्यारंभ संस्कार का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में आसपास के अभिभावक परिजनों के साथ सम्मिलित हुए। माँ सरस्वती, ओम, भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं पूजा हवन कर बच्चों का विद्यारंभ संस्कार किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सुनील पटेल एवं प्रधानाचार्य पुरन पटेल ने बसंत पंचमी और विद्यारंभ संस्कार पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। इस मौके पर योगदास साहू, होमलाल वर्मा, दानेश्वर लिल्हारे, बजरंग साहू, कौशल वर्मा, भागवत पटेल, मानिक पटेल, भुखन वर्मा, अखिलेश वैष्णव, कुशल वर्मा, पारथ बंजारे, विद्या वैष्णव, संतोषी विश्वकर्मा, प्रतिभा पटेल, भानेश्वरी, डोमेश्वरी पैकरा, केसरी साहू की सहभागिता रही।



#### अभ्यर्थियों को दिया प्रशिक्षण

**मोहला।** नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी में होने वाले अध्यक्ष एवं पार्षद पद के चुनाव के अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण गत दिवस लाल चक्रधर शाह महाविद्यालय सभागार में आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशन में अभ्यर्थियों एवं राजनीतिक दलों को आचार संहिता, निर्वाचन व्यय तथा ईव्हीएम से मतदान संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी विजेंद्र पाटले, व्यय पर्यवेक्षक नरेन्द्र गढ़े, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर विजय पांडे एवं 40 अभ्यर्थी आदि शामिल हुए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पाटले ने निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थी एवं राजनीतिक दलों द्वारा आदर्श आचार संहिता पालन करने के संबंध में चर्चा की। व्यव पर्यवेक्षक श्री गढ़े ने अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों को निर्धारित व्यय सीमा में व्यय करने एवं व्यय अभिलेख संधारण के संबंध में जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर मोहम्मद शईद कुरैशी एवं धर्मेन्द्र प्रसाद सारस्वत ने ईवीएम मशीन से मतदान, मतगणना एवं अन्य जानकारी दिया।

#### भागवत कथा सप्ताह 14 से

**पटेवा।** ग्राम दर्रा में आगामी 14 से 21 फरवरी तक श्री मद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन कमल कुमार सिंह बिदानी, चमेली बिदानी परिवार द्वारा किया गया है। कथा वाचक पं जितेन्द्र कुमार शास्त्री बनारस होंगे। आगामी 14 फरवरी को शोभा यात्रा, भागवत महात्यम कथा,15 को भीष्म स्तुति,परिक्षित संवाद, 16 को कपिल, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, 17 को समुद्र मंथन, श्री कृष्ण जन्मोत्सव, 18 को श्रीकृष्ण बाललीला, गोवर्धन पूजा, 19 को गोपी संवाद, कंश वध, रूखमणी विवाह, 20 को सुदामा चरित्र, भागवत पूजन आगामी 21 फरवरी को हवन, गीता पाठ, तुलसी वर्षा, भंडारा होगा।

#### आदर्श आचरण संहिता का करें पालन

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के दौरान जिले में पदस्थ शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आदर्श आचरण संहिता का पालन करने के निर्देश दिए हैं।

# मनाया प्रकृति का पर्व बसंतोत्सव, मां सरस्वती की हुई पूजा

**अर्जुनी।** नवीन महाविद्यालय में बसंत पंचमी पर्व उल्लास के साथ मनाया गया। प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर सहित अतिथि व्याख्याताओं ने माँ सरस्वती की विधि पूर्वक पूजा अर्चना किया। इस मौके पर प्राचार्य ने कहा कि बसंत पंचमी पर्व मां सरस्वती के प्रति भक्ति का पर्व है। मां सरस्वती विद्या से परिपूर्ण करती है इसलिए सदैव पूजा करना चाहिए। इसी कड़ी में ऋतु ने भजन प्रस्तुत किया। विभागाध्यक्ष चाँदनी पराते ने बसंत पंचमी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बसंत पंचमी के साथ प्रकृति में नवजीवन का संचार होता है इसलिए नए कार्य बसंत ऋतु से आरंभ करना चाहिए। इस अवसर पर हेमशंकर साहू, हरवंश चौरगे, ओमप्रकाश सहारे, नंदनी कुर्रे, डॉ. काव्या जैन, डॉ. संजू सिंह, सरोजनी वर्मा, हिमानी साहू, लीना साहू, हनी ठक्कर, सौम्या देवांगन के अलावा काजल, लक्ष्मी, टिकेश्वरी, उपासना, तुलसी, मोनिका, रौशनी, खुशबू, डामेश्वरी, योगेश, गोवर्धन, दुलेश्वर, चंद्रभान, मोहित, आकाश, खिलेश आदि मौजूद थे। संचालन एवं आभार व्यक्त शुभि जैन ने किया।








### महिलाओं ने मनाया बसंतोत्सव

**राजनांदगांव।** हैह्यवंशी कसेर समाज की महिलाओं ने बसंत पंचमी पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। विजेता हरिहारनो के निवास में आयोजित कार्यक्रम के आरंभ में विद्यादायिनी मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया। इस मौके पर समाज की महिलाओं ने भजनों की मधुर प्रस्तुति दी। इस दौरान आयोजित मनोरंजक गेम में महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महिलाओं ने ग्रीष्म ऋतु में पशु पक्षियों के लिए दाना, पानी और मुसाफिरो के लिए ठंडे पानी का इंतजाम करने का निर्णय लिया। सभी ने स्वविवेक से निर्णय लेकर अनिवार्य रूप से मतदान करना तय किया। इस दौरान अध्यक्ष सुनीता हरिहारनो, उपाध्यक्ष सपना भारद्वाज, विजेता, अनिता, संगीता, सरस्वती, लता, सुनंदा, विभा, आरती, नीपा, शशि, राजकुमारी हरिहारनो आदि बड़ी संख्या मौजूद थी।

### मनाया बसंत पर्व

**मानपुर।** यहां बसंत पंचमी त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में ब्लाक अध्यक्ष देवदास, जिला सचिव संतराम मरकाम, रेणुका टांडिया, भीकम टाडिया, बंशी नाग मौजूद थे।

## पहली बार अध्यक्ष और पार्षद का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

■ पंचायत से मिला है नगर पंचायत का दर्जा

लाल बहादुर नगर के मतदाता पहली बार नगर पंचायत अध्यक्ष और 15 पार्षद का चुनाव करने मतदान करेंगे। अब तक पंचायत का दर्जा रखने वाले ब्लाक के सबसे बड़े ग्राम लालबहादुर नगर को नगर पंचायत का दर्जा दिया गया है। दर्जा मिलने के बाद पहली बार चुनाव हो रहे हैं। नगर के वार्ड 1 में 86 पुरूष, 86 महिलाएं, वार्ड 2 में 155 पुरूष, 157 महिला, वार्ड 3 में 96 पुरूष, 96 महिला, वार्ड 4 में 109 पुरूष, 125 महिला, वार्ड 5 में 60 पुरूष, 64 महिला, वार्ड 6 में 88 पुरूष, 90 महिला, वार्ड 7 में 144 पुरूष, 146 महिला, वार्ड 8 में 65 पुरूष, 77 महिला, वार्ड 9 में 128 पुरूष, 117 महिला, वार्ड 10 में 111 पुरूष, 145 महिला, वार्ड 11 में 104 पुरूष, 116 महिला, वार्ड 12 में 145 पुरूष, 151 महिला, वार्ड 13 में 156 पुरूष, 166 महिला, वार्ड 14 में 131 पुरूष, 139 महिला, वार्ड 15 में 175 पुरूष और 162 महिला मतदाता है। यहां महिला मतदाता की संख्या पुरूषों से अधिक है। 2 वार्ड में महिला मतदाता बराबर है ।

### फाग महोत्सव 8 से

■ आयोजक देंगे विजेताओं को आकर्षक पुरुस्कार

**पटेवा।** ग्राम पटेवा में जय मां शीतला फाग समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में आगामी 8 एवं 9 मार्च को छत्तीसगढ़ स्तरीय फाग महोत्सव का आयोजन किया गया है। विजेता मंडलियों को आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा। प्रत्येक प्रतिभागी मंडली को 1100 रुपए सदाबहार पुरस्कार दिया जाएगा।

हरिभूमि
पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

### कोया पुनेम गोंड़ी गाथा कार्यक्रम 6 से

**कलकसा।** ग्राम पंचायत कलकसा में ध्रुव गोड समाज मुडा परिक्षेत्र कलकसा में कोया पुनेम गोंडी धर्मदर्शन गोंडी गाथा का आयोजन 6 से 11 फरवरी तक रखा गया है। मुड़ा परिक्षेत्र अध्यक्ष नरोत्तम सिंह कुंजाम ने बताया कि कार्यक्रम गोंडी संस्कृति पर आधारित है।



कार्यक्रम का शुभारंभ ओडारबांध महासभा के अध्यक्ष मदन नेताम के मुख्य आतिथ्य में होगा। अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष संतोष पटौती करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में सुशीला नेताम, रमेश उईके, अशोक दास साहू, रुदन उईके, परषोत्तम भल्लावी, बीएल कोर्राम, राजेश नेताम, तीजऊ मंडावी, सदाराम नेताम मौजूद रहेंगे। पहले दिन 6 फरवरी को ग्राम भ्रमण कर पांच कलश स्थापना किया जाएगा। इसी कड़ी में 7 फरवरी को जीव जगत उत्पत्ति की गाथा, 8 को गुरु पारी कुपार लिंगों की गाथा, 9 को दाई कली कंकाली की गाथा, 10 को तैंतीस कोट बच्चों की गाथा और 11 फरवरी को ग्राम के देवी देवताओं की गाथा होगी।

समापन के मुख्य अतिथि पाली तानाखार के विधायक दादा तुलेश्वर हीरासिंह मरकाम होंगे। अध्यक्षता विधायक हर्षिता स्वामी बघेल करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक दलेश्वर साहू, श्याम सिंह मरकाम, हेमलाल मरकाम, नारायणासुर मरकाम, संतराम छैदैया उपस्थित रहेंगे।



## खबर संक्षेप

### विप्लव और ममता की टिकट कटी, निर्मला रिपीट

**खैरागढ़।** अविभाजित राजनांदगॉव जिले मे मुढ़ीपार क्षेत्र से निर्दलीय जीतकर आने वाले और बाद मे कांग्रेस मे शामिल हुए विप्लव साहू को इस बार पार्टी ने चुनाव मैदान से दूर कर दिया है। इसी प्रकार ममता राजेश पाल को भी चुनावी मैदान से दूर कर दिया है जबकि निर्मला विजय वर्मा को दुबारा अवसर दिया गया हे। पता चला है कि कांग्रेस की जारी सूची को लेकर कार्यकर्ताओ मे भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे के लेटर पैड मे जारी सूची को लेकर कईयो का कहना है कि प्रदेश कार्यालय से अनुमोदन बिना जारी सूची अधिकृत नही है जबकि ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आकाशदीप सिंह ने कहा कि यह अंतिम सूची है।

### दंत परीक्षण शिविर में 68 की निःशुल्क जांच

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय और छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज सुन्दरा के मध्य समझौता ज्ञापन के तहत यूथ रेडक्रॉस, एनएसएस एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 68 विद्यार्थियों ने अपना दंत परीक्षण कराया। यूथ रेडक्रॉस प्रभारी धनंजय साहू ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य मौखिक स्वच्छता एवं इसके महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। नियमित जांच से दांतों की समस्याएं जैसे कैविटी, मसूड़ों की बीमारी और मौखिक कैंसर को गंभीर होने से पहले ही पहचानने में मदद मिलती है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि हमारे महाविद्यालय में इस तरह का आयोजन समय-समय पर कराया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को निर्देश देते कहा कि हमें सुबह-शाम दांतों की अच्छी तरह से सफाई करनी चाहिए। इस दौरान छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज के स्टाफ भी उपस्थित रहे और विद्यार्थियों से अपील करते कहा कि दांत हमारे मुख का अहम हिस्सा होता है और इनके खराब होने से मुख की सुंदरता के साथ-साथ पाचन शक्ति पर भी असर पड़ता है और असहनीय पीड़ा सहन करना पड़ता है। दांतों की लंबी उम्र हेतु सफाई और उचित समय पर दांतों की जांच जरूरी है। महाविद्यालय के संचालक डॉ. मनीष जैन, संजय अग्रवाल और आशीष अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि हम सभी को अपने दांतों से संबंधित सभी प्रकार के रोगों के बारे में जानकारी होना चाहिए। जिससे हम अपने दांतों की रक्षा कर सके और यह तभी संभव है, जब हम अपने दांतों की समय-समय पर जांच कराएं। इस शिविर के दौरान महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

### नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद बढ़ेगी गांव में चुनावी हलचल

# जिपं की दस सीट के लिए 63 अभ्यर्थियों ने भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर नामांकन दाखिले के अंतिम दिन बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिले को लेकर भाजपा के बड़े-बड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकजुटता से नामांकन दाखिले की प्रक्रिया मे शामिल होते रहे उसके बनिस्बत नामांकन दाखिले के अंतिम दिन तक जिपं सदस्यों को लेकर अधिकृत सूची जारी नही होने के कारण कांग्रेस में बिखराव की स्थिति नजर आई।

अभ्यर्थियों के साथ कोई बड़ा चेहरा कलेक्टारेट में नही दिखा। भाजपा अधिकृत जिपं के सभी दस सदस्यों ने जिला भाजपाध्यक्ष डॉ बिशेसरदास साहू, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, विक्रांत सिंह, पूर्व जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू, सांसद प्रतिनिधि भागवतशरण सिंह के साथ नामांकन दाखिल किया जबकि कांग्रेस मे इसका अभाव रहा और जिपं सदस्य का चुनाव लड़ने वाले ज्यादातर अभ्यर्थियों ने प्रस्तावक साथ नामांकन दाखिले की प्रक्रिया पूरी की। वही नामांकन दाखिले के अंतिम दिन लगभग हर अभ्यर्थी अपनी लोकप्रियता और ताकत का प्रदर्शन करने अपने अपने क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोगों को लेकर आए थे जिसके चलते सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक शहर में मेले की स्थिति बनी रही। जिपं की दस सीटो के लिए 88 नाम निर्देशन पत्र लिया गया था जिसमे अंतिम स्कूटनी बाद 63 अभ्यर्थियों का आवेदन सही पाया गया।

## कांग्रेस में बिखराव की स्थिति



### शताक्षी ने जमा किया पर्चा

नामांकन दाखिले के अंतिम दिन जालबांधा जिपं क्षेत्र 9 से राजा देवव्रत सिंह की पुत्री शताक्षी सिंह ने नामांकन दाखिल किया। मदराकुही में सभा बाद समर्थकों के साथ उनका काफिला कलेक्टारेट पहुंचा जहां भाई राजा आर्यव्रत सिंह, भवानी बहादुर सिंह, कन्हैया सिंह बैस, कपिनाथ महोबिया, नित्यशरण सिंह सहित उन्होंने नामांकन पर्चा जमा किया।

### जनपद के 25 सीटों पर 100 ने भरा पर्चा

जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले 114 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए 449 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया है जबकि पंच के 1497 पदों को लेकर 2649 नामांकन जमा हुआ है। इसी तरह 25 जनपद सदस्यों के लिए 100 अभ्यर्थियों ने नामांकन जमा किया है। नामांकन दाखिले के अंतिम दिन जनपद सदस्यों के 56, सरपंचों के 142 और वार्ड पंचो के लिए 440 नामांकन फार्म जमा हुआ। अमलीडीह कला पंचायत के वार्ड 17 मे वार्ड पंच के लिए किसी भी अभ्यर्थी द्वारा नामांकन फार्म नही लेने के कारण पंच के 1496 पदों पर चुनाव कराया जाएगा।

# कांग्रेस की जारी अधिकृत सूची में कई नाम गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिपं सदस्यों के नामांकन दाखिले को लेकर कांग्रेस ने ईतवारी बाजार के शीतला मंदिर में दर्शन बाद रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया, लेकिन देर शाम सात बजे जारी अधिकृत प्रत्याशियों की सूची में वो नाम गायब दिखे जिनका सुबह विधायक यशोदा वर्मा सहित अन्य कांग्रेसियों ने माला पहनाकर स्वागत किया था और उनके साथ कलेक्टोरेट नामांकन पर्चा दाखिल करने गए थे।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे द्वारा जिपं सदस्यों के लिए जारी अधिकृत सूची में उदयपुर क्षेत्र क्रमांक पांच से जिला युकां अध्यक्ष गुलशन तिवारी की जगह कामदेव जंघेल का नाम है जबकि शीतला मंदिर में दर्शन बाद सभी के साथ गुलशन ने नामांन दाखिला किया था। जारी सूची अनुसार साल्हेवारा से केकती राजेंद्र मरावी, पैलीमेटा दो सेनिर्मला विजय वर्मा, कटंगी तीन से कविता अशोक जंघेल, भुरभुसी चार से शत्रुहन मन्नू चंदेल, उदयपुर पांच से कामदेव जंघेल, पांडादाह छै से लीलाधर वर्मा, मुढ़ीपार सात से तारा पाल, बाजार अतरिया आठ से लक्ष्मी सिरमौर, जालबांधा नौ से दशमत जंघेल और ठेलकाडीह दस से खेमेश्वरी वर्मा बतौर अधिकृत कांग्रेस प्रत्याशी चुनाव लडेंगे।



### सामान्य वर्ग की उपेक्षा

कांग्रेस की सूची मे क्षेत्रवार जातिगत आंकड़ों को प्राथमिकता देते हुए सामान्य वर्ग को पूरी तरह से उपेक्षित कर दिया गया है। जारी सूची मे लोधी समाज से सात, अजा से दो और अजजा वर्ग से एक को अधिकृत किया गया है जबकि आरक्षण प्रक्रिया मे अनारक्षित महिला के लिये क्षेत्र क्रमांक 2, 7 और 9 के अलावा 4 और 5 अनारक्षित मुक्त के लिये आरक्षित हुआ है। कांग्रेस के इस कदम को सामान्य वर्ग की उपेक्षा से जोड़कर देखा जा रहा है।

### ईव्हीएम मशीनों के संबंध में मीडिया कार्यशाला आज

**राजनांदगांव।** नगरीय निकाय 2025 अंतर्गत ईव्हीएम मशीनों की जागरूकता के लिए 4 फरवरी को अपरान्ह 4 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में सभी मीडिया कर्मियों को उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

# संगीत विवि में भारत रंग महोत्सव का आगाज आज से, बाबा लोचनदास की होगी प्रस्तुति

- देश विदेश के कलाकार नाटकों का करेंगे मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच महोत्सव के 25 साल पूरा होने पर इंदिरा कला संगीत विवि मे भारत रंग महोत्सव अंतर्गत देश विदेश के कलाकार विभिन्न भाषओं में नाटकों का मंचन करेंगे। संभागायुक्त व कुलपति सत्यनारायण राठौर के मुख्य आतिथ्य, एनएसडी के पूर्व डायरेक्टर दिनेश खन्ना की अध्यक्षता और कला संकाय डीन प्रो मृदुला शुक्ला, कार्यसमिति सदस्य एनएसडी दीपांकर पॉल व कुलसचिव व एडीएम प्रेमुकमार पटेल के विशिष्ट आतिथ्य मे कार्यक्रम का शुभारंभ होगा।

गौरतलब है कि भारंगम नाम से लोकप्रिय यह महोत्सव दुनिया का सबसे बड़ा थिएटर उत्सव है, जो इस बार 28 जनवरी से 16 फरवरी तक देश के दस बड़े शहरों के साथ ही नेपाल और श्रीलंका में अपनी रंगत बिखेरेगा। महोत्सव में अंतर्राष्ट्रीय थिएटर समूह रूस, इटली, जर्मनी, नॉर्वे, चेक गणराज्य, नेपाल, ताइवान, स्पेन और श्रीलंका के कलाकार शामिल हैं। संगीत विवि में 4 से 9 फरवरी को प्रतिदिन संध्या बेला में देश के विभिन्न प्रांतों के प्रसिद्ध नाटकों का अलग-अलग भाषाओं में मंचन किया जाएगा। प्रदेश मे पहली दफे हो रहे इस महोत्सव को लेकर अलग-अलग कार्यों के संपादन के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है। समारोह संयोजक अधिष्ठाता व थियेटर विभागाध्यक्ष डॉ योगेंद्र चौबे होंगे। देश से बाहर कोलंबो व काठमांडू में यह आयोजन होगा। कार्यक्रम अंतर्गत दुनियाभर के सात महाद्वीपों में रहने वाले भारतीय और भारत के युवा कलाकार लघु नाटकों का ऑनलाइन प्रदर्शन करेंगे।



### 6 दिवसीय आयोजन

2024 में जन भारत रंग परियोजना की सफलता से प्रेरित महोत्सव को एक समान विषय पर कलात्मक प्रदर्शनों की सबसे बड़ी संख्या के लिए वल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन का प्रमाण पत्र मिला है। विवि प्रेक्षागृह मे 4 से 9 फरवरी तक आयोजित छ दिवसीय आयोजन में प्रतिदिन अलग-अलग नाटकों का मंचन होगा जिसमें मंगलवार 4 फरवरी को भोपाल मप्र द्वारा नर नारी उर्फ थानू बाबा लोचनदास हिंदी भाषा मे, बुधवार 5 को कोलकाता पं.बंगाल द्वारा हयावडाना बंगाली भाषा मे, गुरूवार 6 को असम द्वारा मांगरी असमिया भाषा में, शुक्रवार 7 को मुंबई महाराष्ट्र द्वारा मध्यम व्यायोग हिंदी में, शनिवार 8 को पुडुचेरी तमिलनाडु द्वारा नादापड्डई तमिल भाषा में और पुणे महाराष्ट्र की टीम में शामिल कलाकारों द्वारा रविवार 9 फरवरी को क्रास परपस की प्रस्तुति हिंदी भाषा में दी जाएगी।

# स्काउट गाइड रोवर रेंजर्स को किया सम्मानित

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के समापन कार्यक्रम में यातायात जागरूकता रैली एवं यातायात नियंत्रण में विशेष सहयोग के लिए महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय हाई स्कूल पनेका, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भानपुरी, ठाकुर प्यारे लाल सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव, डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पदुमतरा, वेसलियन हिन्दी माध्यम शाला राजनांदगांव के स्काउट गाइड रोवर रेंजर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा सहित स्काउट गाइड रोवर रेंजर सहित यातायात विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।







## सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत कई आयोजन

# सुरक्षित परिवहन संदेश के साथ सड़क सुरक्षा माह का समापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के साथ-साथ सड़क दुर्घटना में रोकथाम को लेकर 1 से 31 जनवरी तक जिला पुलिस सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों और शिविरों का आयोजन कर लोगों को जागरूक करने जुटी रही जिसका एसपी त्रिलोक बंसल के आतिथ्य में समापन हुआ। संगीत विवि प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में एसपी त्रिलोक बंसल, डीएफओ आलोक तिवारी, एडीएम प्रेमकुमार पटेल, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, एएसपी नीतेश गौतम, डीएसपी प्रदीप येरेवार, एसडीओपी लालचंद मोहिले, रक्षित निरीक्षक के देव राजू, टीआई अनिल शर्मा सहित अन्य मौजूद थे। यातायात विभाग प्रभारी शक्ति सिंह ने सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत संपादित जागरूकता कार्यक्रमों और शिविर आयोजन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सड़क परिवहन विभाग के निर्देश पर आयोजित सुरक्षा माह तहत यातायात विभाग ने लगातार जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को हेलमेट के अनिवार्य उपयोग के लिए प्रेरित किया। यातायात जागरूकता रथ के माध्यम से आम लोगों को यातायात के सामान्य नियमो और दिशा निर्देशो के पालन से जान माल की सुरक्षा की जानकारी दी गई। ऑडियो क्लिप के द्वारा बिना सीट बेल्ट चारपहिया वाहन चलाने और पार्किंग के संबंध में जागरूकता संदेशों का प्रसारण किया गया।

### जागरुकता संबंधी पांपलेट का वितरण किया

मोटर साइकिल रैली से प्रारंभ सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत आम लोगों को यातायात के सामान्य नियमों की जानकारी देने लगातार विभाग मैदान में जुटा हुआ है। ईरिक्शा की नंबरिंग, हेलमेट लगाकर चलने वालों को गुलाब फूल से सम्मानित करने, स्काऊट गाइड के रोवर्स रेंजर सहित एनसीसी कैडेटो के साथ सड़क पर जागरूकता अभियान, शिविर आयोजित कर वाहनो के दस्तावेजों के परीक्षण, आरटीओ जनसुविधा केंद्र में लगातार दो दिनों तक बीमा, लाइसेंस और पर्यावरण संबंधी दस्तावेज मौके पर दिया गया वही संगीत विवि या अन्य जगह शैक्षणिक भ्रमण के लिए पहुंचे अन्य जिले के बच्चों की क्लास लेकर यातायात के नियमों की जानकारी दी गई। यमराज और चित्रगुप्त के प्रतिरूप को सडक़ पर उतारकर आवाजाही करने वालो को तेज रफ्तार, शराब पीकर गाड़ी चलाना और मोबाइल फोन के इस्तेमाल को दुर्घटना का सबसे बड़ा कारण बताते हुए कहा कि हम आपके कर्मों का हिसाब रखने आए हैं, लेकिन हम चाहते हैं कि आप खुद सुरक्षित रहें इसकी समझाइश दी गई। प्रभारी निरीक्षक शक्ति सिंह ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर आम लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। यातायात के सामान्य नियमों हमेशा बाई साइड में चलना, हेलमेट का प्रयोग करना, तेज रफ्तार से वाहन चलाने से बचने जैसी छोटे छोटे नियमों का पालन करने से काफी हद तक दुर्घटना से बचा जा सकता है। उन्होने सुरक्षित जन, सुरक्षित परिवहन का संदेश देते हुए सुगम और सुव्यवस्थित आवाजाही सुनिश्चित करने सभी से सहयोग की अपील की है। इस दौरान एएसआई धनेश्वर साहू, प्रआर आशुतोष सिंह, गन्नूराम साहू सहित बड़ी संख्या मे स्कूल व कालेज स्टुडेंट्स मौजूद थे।

**सार समाचार**

# बास्केटबाल व हॉकी में प्रवेश के लिए चयन ट्रायल आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



भारतीय खेल प्राधिकरण मध्य क्षेत्रीय केन्द्रीय केन्द्र भोपाल के अंतर्गत संचालित भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव द्वारा 12 से 18 वर्ष के हॉकी बालिका एवं बास्केटबॉल बालिका व बालक खिलाड़ियों को आवासीय योजना में प्रवेश के लिए चयन ट्रायल 4 एवं 5 फरवरी को दिग्विजय स्टेडियम एवं अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित की जा रही है।

नई दिल्ली से प्राप्त नए दिशा-निर्देश के अंतर्गत आने वाले खिलाड़ी ही चयन प्रक्रिया में भाग लेने के पात्र होंगे। चयनित खिलाड़ियों को भारतीय खेल प्राधिकरण की आवासीय योजना में शामिल कर उच्च स्तरीय आधुनिक सुविधा प्रदान की जाएगी, ताकि निकट भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। यह चयन ट्रायल हॉकी बालिका एवं बास्केटबॉल बालिका व बालक आवासीय योजना आयोजित है। आवासीय योजना में 12 से 18 वर्ष के बालक-बालिका भाग ले सकते हैं।

### आवासीय योजना में प्रवेश के लिए निर्देश

प्रवेश की आयु वर्ग 12 से 18 वर्ष होगी तथा उन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर पदक/ राष्ट्रीय शिविर/ शक्तिशाली प्रतिभा होगी। इस चयन में वे खिलाड़ी भाग ले सकते हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय खेल या संबंधित आयु वर्ग में राष्ट्रीय खेल संघ द्वारा वर्ष में एक बार आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया हो या राष्ट्रीय खेल संघ द्वारा वर्ष में एक बार आयोजित अंतर क्षेत्रिय प्रतियोगिता या राष्ट्रीय खेल संघ द्वारा वर्ष में एक बार आयोजित फेड़रेशन कप में या ऑल इंड़िया स्कूल गेम्स फेड़रेशन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त किया हो या प्रदेश खेल संघ द्वारा संबंधित आयु वर्ग में वर्ष में एक बार आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया हो या राष्ट्रीय खेल संघ द्वारा वर्ष में एक बार आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य की ओर से प्रतिनिधित्व किया हो।

## वनांचल के खड़गांव क्षेत्र का मामला

# षड्यंत्र रचकर कर दी प्रेमी युवक की हत्या, पिता-पुत्री गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

युवक द्वारा बार बार युवती से मिलने कहने से परेशान युवती और उसके पिता ने मिल कर युवक की हत्या कर दी। इस मामले में जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार खड़गांव थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी पवन कुमार उईके ने 27 जनवरी को गुम इंसान रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका छोटा भाई सुनील कुमार उईके 22 जनवरी के प्रातः ग्राम घोड़ागांव से कोर्ट राजनांदगांव पेशी जाने के लिये निकला था जो आज तक वापस नहीं आया है। उसका बेग स्कूल पारा घोड़ागांव के पगडन्डी, खेत खार के पास पड़ा मिला है।

### मोबाइल लोकेशन सीडीआर का अवलोकन

सूचना पर जांच प्रारंभ की गई जांच दौरान गुमशुदा तथा संदेही युवती तथा अन्य लोगों के मोबाईल लोकेशन, सीडीआर का अवलोकन किया गया जो 22, 23 जनवरी की दरम्यानी रात्रि में संदेही युवती द्वारा गुमशुदा को कॉल करने के बाद से गुमशुदा का मोबाईल बंद होना पाया गया। पतासाजी दौरान संदेही युवती तथा उसके पिता नवल साय उईके से पूछताछ करने पर पुलिस को लगातार गुमराह कर रहे थे।



### जबरदस्ती मिलने आने से युवती थी परेशान

इस दौरान 1 फरवरी को गुमशुदा सुनील कुमार उईके का शव ग्राम घोड़ागांव के बांसकुप जंगल में होने की सूचना मिलने पर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देकर एफएसएल यूनिट को सूचना देने पर टीम के मौके पर पहुचने पर संयुक्त रूप से आरोपी नवल साय उईके तथा युवती से पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर आरोपी नवल साय उईके द्वारा जुर्म कबुल किया एवं बताया गया कि मृतक सुनील कुमार उईके उसकी बेटी से बार-बार मिलने आता था। बेटी के द्वारा मना करने पर भी जबरदस्ती मिलने एंव संबंध बनाने का प्रयास करता था । जिससे उसकी बेटी बहुत परेशान रहती थी।

### शव को छिपा दिया था

22 जनवरी को योजनाबद्ध तरीके से सुनील कुमार उईके को अपने घर बुलाया और घर में पडे लकड़ी के डण्डे से उसके सर पे जोरदार वार करके उसकी हत्या कर दी और नवल साय उईके द्वारा शव को घोड़ागांव कुमुरकट्टा रोड पर बांसकुप के जंगल में नाली पर फेंक कर उस पर पेड की शाखा को रखकर छुपा दिया था। वहां से लगभग 600 मीटर की दूरी पर जंगल में मृतक के कपड़े को जला दिया था। अपराध कबुल करने पर आरोपी नवलसाय उईके व उसकी पुत्री के विरूद्ध हत्या, आपराधिक षंड्यत्र, साक्ष्य छिपाने का अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक वाय.पी. सिंह के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवचरण पटेल पुलिस अनुविभागीय अधिकारी प्रशांत पैकरा के मार्गदर्शन पर थाना खड़गांव पुलिस द्वारा हत्या के मामले का खुलासा के बाद आरोपी पिता पुत्री को गिरफ्तार किया गया।

## अवैध रूप से शराब बिक्री करते आरोपी पकड़ाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत अवैध रूप से शराब बेचने के आरोपी को पकड़ कर कार्यवाही की है।

नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को शांति पूर्ण एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने हेतु गुण्डा बदमाशों एवं अवैध शराब परिवहन एवं बिक्री करने वालों पर पुलिस चौकी तुमडीबोड़ द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 3 फरवरी को पुलिस पेट्रोलिंग दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति अवैध रूप से नहर नाली के पास ग्राम मचानपार मे शराब बिक्री कर रहा है। सूचना पर घटना स्थल पहुंचकर घेराबंदी कर अवैध शराब बिक्री कर रहे आरोपी योगेश गायकवाड उर्फ अज्जू उम्र 33 वर्ष साकिन ग्राम मचानपार को पकड़ा , आरोपी के कब्जे से एक हरा रंग के प्लास्टिक बोरी में रखे 17 पौवा देशी प्लेन शराब व बिक्री की रकम 120 रूपये कुल जुमला 1650 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध 34(1) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।



**राजनांदगांव।** हरिभूमि जन्मदिन उत्सव योजना के तहत हरिभूमि के सम्माननीय पाठक लिशा देवांगन पिता दानेंद्र देवांगन एवं हुमेश्वरी निषाद ग्राम बोदेला पेटेश्री निवासी को उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए गिफ्ट प्रदान किया गया।

# मतदाताओं को ईव्हीएम से मतदान के संबंध किया जा रहा जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) के माध्यम से संपन्न कराया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में आम मतदाताओं को ईव्हीएम के माध्यम से मतदान करने के संबंध में जागरूक करने एवं वोटिंग मशीन की जानकारी देने के लिए ईव्हीएम प्रदर्शन किया जा रहा है।

ईव्हीएम प्रदर्शन के लिए नगरीय निकाय के वार्डों में नोडल अधिकारी नियुक्ति किया गया है तथा मास्टर ट्रेनर्स की ड्यूटी लगाई गई है, जिनके द्वारा आम नागरिकों को ईव्हीएम संचालन का प्रदर्शन एवं मतदान प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा रही। साथ ही मतदाताओं की जिज्ञासाओं का निराकरण भी कर रहे है। वोटिंग मशीन प्रदर्शन एवं जागरूकता अभियान नगरीय निकाय क्षेत्र के सभी वार्डों में किया जा रहा है।

ईव्हीएम मशीन जागरूकता प्रदर्शन कार्यक्रम में सेक्टर अधिकारी व प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सतविंदर सिंह भाटिया, सहायक अभियंता सड़क योजना ईश्वर डोनाडे, ग्रामीण सड़क विकास प्रशांत शांडिल्य, उप अभियंता ग्रामीण सड़क विकास आलोक खोब्रागढ़े, श्रम पदाधिकारी संजय सिंह, जिला महिला एवं बाल विकास नवल किशोर रावटे, उपसंचालक जिला योजना एवं सांख्यिकी याकूब कुजूर, उप संचालक समाज कल्याण विभाग बीएल ठाकुर, सहायक अभियंता ग्रामीण सुशील सावरकर।

सहायक अभियंता ग्रामीण सड़क सुशील सावरकर, सहायक आयुक्त कार्यालय राज्य कर एलआर बंजारी, सहायक अभियंता ग्रामीण सड़क विकास विजय सोनी के साथ मास्टर ट्रेनर एवं अन्य कर्मचारी सेवाएं दे रहे हैं।



### ईव्हीएम से मतदान की प्रक्रिया

नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए सबसे पहले महापौर या अध्यक्ष पद के लिए सफेद लेवल में अपने पसंद के अभ्यर्थी के सामने खुले बटन को दबाकर मतदान करना होगा, पुष्टि के लिए बीप की छोटी आवाज आएगी। फिर पार्षद पद के लिए गुलाबी लेवल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने खुले बटन को दबाकर मतदान करेंगे। पुष्टि के लिए बीप की लंबी आवाज आएगी और इस तरह मतदान संपन्न होगा।

## बालिकाओं का हिमोग्लोबिन जांच



**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में डोंगरगढ़ विकासखंड के शासकीय माध्यमिक शाला पिनकापार में स्वस्थ नोनी कार्यक्रम के तहत चिकित्सकीय दल द्वारा किशोरी बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम के तहत चिकित्सकीय दल द्वारा खेल-खेल में स्वास्थ्य शिक्षा एवं सभी बच्चों की हिमोग्लोबिन जांच की गई। बालिकाओं से हाथ धोने की विधि, किशोरी बालिकाओं में होने वाले शारीरिक बदलाव, तनाव प्रबंधन, एचआईव्ही एवं भावनात्मक स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर चर्चा की गई तथा रक्त अल्पता से होने वाले बीमारियों के बारे में बताया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने कार्यक्रम में पोषण युक्त भोजन, तिरंगा भोजन एवं पोट्ठ लईका पहल के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में बच्चों को मूंग, गुड़ एवं चना का वितरण किया गया। जिले में स्वस्थ नोनी कार्यक्रम के तहत चिकित्सकीय दल द्वारा 117 स्कूलों भ्रमण कर 11 हजार 737 किशोरी बालिकाओं का हिमोग्लोबिन जांच किया गया। जिसमें 8 ग्राम से कम हिमोग्लोबिन वाले 18 किशोरियों का काउसलिंग कर उपचार किया जा रहा है।

# वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करना अनिवार्य




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने जिले के शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के लिए दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट धारण करने एवं चार पहिया वाहन चलाने के दौरान सीट बेल्ट बांधने संबंधी आदेश जारी किया है।

कलेक्टर ने जारी आदेश में कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं में शासकीय कर्मियों की मृत्यु तथा गंभीर रूप से घायल होने की घटना को देखते यह आदेश जारी किया गया है। उल्लेखनीय है की मोटरयान अधिनियम 2019 में वाहन चालन के दौरान नियमानुसार हेलमेट एवं सुरक्षा बेल्ट के प्रावधानों के आलोक में समस्त वाहन चालकों द्वारा धारण किया जाना अनिवार्य है। शासकीय सेवकों द्वारा स्वयं, परिवारजन एवं जन सामान्य की सुरक्षा के साथ-साथ नियमों के अनुपालन की प्रतिबद्धता का आदर्श प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। कलेक्टर ने जारी आदेश में संस्था प्रमुख को निर्देशित कर शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों, अर्द्धशासकीय कर्मचारियों को आदेश का पालन करने कहा है।

# शैंकी का जनसंपर्क



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शहर के शीतला माता वार्ड नंबर 24 से भारतीय जनता पार्टी के पार्षद प्रत्याशी शैंकी बग्गा का वार्ड में लगातार जनसंपर्क जारी है। इस दौरान उनके साथ भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों की उपस्थिति बन रही है।

भाजपा के पार्षद प्रत्याशी शैंकी बग्गा भाजपा कार्यकर्ताओं और अपने समर्थकों के साथ लगातार वार्ड में जनसंपर्क कर रहे हैं।

इस दौरान वे डोर-टू- डोर मतदाताओं तक पहुंच कर जनता का आशीर्वाद मांग रहे हैं। हाल ही में वार्ड में चुनाव कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति रही। इधर जनसंपर्क के दौरान वे लोगों से मेल मुलाकात भी कर रहे हैं। वार्ड के पार्टी कार्यकर्ताओं को लेकर सुबह से शाम तक जनसंपर्क जारी है। जनसंपर्क के दौरान बाजे गाजे का भी वातावरण निर्मित है।

## नशामुक्ति के लिए दिलाया संकल्प

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने गुरुवार को कलेक्टोरेट में नशामुक्ति संकल्प कार्यक्रम में सभी अधिकारी-कर्मचारियों को किसी भी प्रकार के मादक द्रव्यों एवं पदार्थों का सेवन नहीं करने, नशापान के दुष्परिणामों को प्रचारित कर नशे से पीड़ित व्यक्तियों को नशामुक्ति के लिए प्रेरित करने का संकल्प दिलाया।

## निधन



### सुधा अग्रहरि

**राजनांदगांव।** अग्रहरि महिला मंडल की कर्मठ तथा सक्रिय अध्यक्ष सुधा अग्रहरि ध.प. सतीश अग्रहरि का 1 फरवरी को रायपुर में आकस्मिक निधन हो गया है। सामाजिकगणों ने उनके निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकसंतप्त परिजनों को दुःख सहन करने ईश्वर से शक्ति प्रदान करने प्रार्थना की गई।

# गेंदाटोला और टेडसरा जिला पंचायत सीट में सर्वाधिक अभ्यर्थियों ने भरा पर्चा

## 13 पदों के लिए कुल 68 ने जमा किए नाम निर्देशन पत्र

**राजनांदगांव।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के 13 पदों के लिए कुल 68 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया।

जिला पंचायत सदस्य हेतु निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1-पटेवा के लिए दीपक बाई चन्द्रकाम, किरण बारले, मधु बघेल, प्रतिक्षा भण्डारी, वैजन्त्री देवी साण्डे, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 2-लिटिया के लिए चित्रलेखा वर्मा, कविता साहू, ललिता साहू, राम कुमारी देवांगन, रामेश्वरी साहू, शीला सिन्हा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3-टेड़ेसरा के लिए अंगेश्वर कुमार देशमुख, भागवत दास साहू, चंदन सिंह कश्यप, चंद्रिका प्रसाद तिवारी, धनेन्द्र कुमार साहू, मधुकर बंजारे, रमेश कुमार पाण्डेय, संजय कुमार यादव, संतोष कुमार देशमुख, सुरेन्द्र दास वैष्णव, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 4-सिंघोला के लिए देवकुमारी साहू, एकता चन्द्राकर, गीता साहू, मधुबाला देशमुख, संध्या दास वैष्णव, शालिनी संध्या टोप्पो, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 5-अर्जुनी के लिए भोजेश्वरी साहू, इन्दूमती साहू, रिता नाहटा, विमल साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6-आसरा के लिए जागृति यदु, नीलम साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7-तुमड़ीबोड़ के लिए दीपक कुमार सिन्हा, गिरधर वर्मा, होमदत वर्मा, जितेन्द्र सिन्हा, महेन्द्र कुमार यादव, महेन्द्र वैष्णव, निर्मला सिन्हा, रामनाथ वर्मा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 8-बेलगांव के लिए अनिता तिवारी, कविता अग्रवाल, किरण साहू, पुष्पा वर्मा, सिंधु टाण्डिया, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 9-राका के लिए प्रभा बाई साहू, प्रशांत कोडापे, रघुवर प्रसाद अग्रवाल, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10-बोरतलाब के लिए अनिता ठाकुर, रामछतरी बाई चन्द्रवंशी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 11-बम्हनी चारभाठा के लिए अश्वनी मंडलोई, बिरम बाई मंडावी, ईगलाबाई कतलम, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12-गैंदाटोला के लिए आंजेन दास बंजारे, अलख राम साहू, चुम्मन लाल साहू, गिरधारी धनेश, हीरेन्द्र कुमार साहू, किरण वैष्णव, किरण साहू, कौलेश्वर साहू, लेखराम चन्द्रवंशी, डॉ. प्रकाश शर्मा, राजकुमारी सिन्हा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 13-कमर्दा के लिए गोपाल सिंह भुआर्य, कांति भंडारी, प्रताप सिंह धावड़े ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
चलो प्रयागराज पवित्र महाकुंभ 2025
महाकुंभ 2025 के डिलक्स, प्रीमियम पैकेज के लिए संपर्क करें
15 से 17 फरवरी 2025, 20 से 22 फरवरी 2025
-: सुविधाएं :-
प्रथम यात्रा- स्पेशल स्लीपर बस, प्रयागराज (टेंट),नाश्ता, रात्रि भोजन, टूर गाइड, सहयोग राशि 8100/- प्रति व्यक्ति
द्वितीय यात्रा- पुश बैक बस 2/2, प्रयागराज (टेंट),नाश्ता, रात्रि भोजन, टूर गाइड, सहयोग राशि 6100/- प्रति व्यक्ति
तृतीय यात्रा- 6 व्यक्ति (इनोवा क्रिस्टा), होटल, नाश्ता, रात्रि भोजन, सहयोग राशि 12001/- प्रति व्यक्ति
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को बेमेतरा, बालोद, कवर्धा और राजनांदगांव में सर्वे कार्य हेतु 10 युवक / युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो। इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
स्वयं के वाहन धारकों को प्राथमिकता
Resume Whatsapp करें
8319268069, 9425565082
7489534456
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव

## खबर संक्षेप

### रामकथा के बिना रामतत्व को जानना असंभव : डॉ. पं रामगोपाल तिवारी



**हरिभूमि मोहगांव।** पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम मोहगांव में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष 1 से 5 फरवरी तक रामचरित्र मानस कथा का आयोजन 43वां वर्ष आयोजित किया गया। जिसमें पं रामगोपाल तिवारी द्वारा दोपहर 3 से 5 बजे तक मानस प्रवचन में भक्तजनो को श्रीराम कथा का रसपान कराया जा रहा है। जिसमें उन्होने कहा कि मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य राम के रामम्व को जानकर राम में मिलकर एक हो जाना है, जबकि राम को जानना अन्य साधनों से जीव के लिए असंभव है। वहीं रामकथा एक मात्र ऐसा साधन है, जिससें अपने हृदय के विचार स्वभाव को निर्मल पवित्र करके राम को जाना जा सकता है। भगवान शंकर के प्रिया सती जी, पार्वती जी, महर्षि भरतद्वाज जी, भगवान विष्णु के वाहन पक्षीराज गरूड़ जी और श्री हनुमान जी ये भी रामकथा सुन करके ही रामजी को पहचान पाए है। अतः रामकथा का उद्देश्य राम के रामत्व को देखना जानना व पहचानना है। जाने बिनु न होई परीतिती, बिनु परतिती होई नही प्रीति। आनंद सिधुराम भी सीताहरण की घटना पर रोते हुए मानो यही संदेश दे रहे है कि भक्ति रूपी सीता के बिना सांसारिक जीव का सुख शांति प्राप्त करना संभव नही है, अतः हमारे जीवन का अंतिम परम लक्ष्य भक्ति प्राप्त करना है जो रामकथा से सरल एवं सुलभ है, भक्ति स्वतंत्र सकल गुनखानि, बिनु सत्संग न पावही प्राणी। उक्त उद्गार रामभक्त हनुमान मंदिर मे वार्षिकोत्सव में पधारे पं रामगोपाल तिवारी मानस रत्न बांदा चित्रकुट उत्तरप्रदेश द्वारा कथा रसपान कर आसपास क्षेत्र के भक्तजन अपने जीवन को कृतार्थ कर रहें है।

### अर्जुन तिवारी नगर पालिका चुनाव कवर्धा के प्रभारी नियुक्त, कार्यकर्ताओं में उत्साह



**हरिभूमि कोलेगांव।** नगरीय निकाय चुनाव 2025 के सफल संचालन हेतु कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रभारियों की सूची जारी की है, जिसमें कवर्धा नगर पालिका चुनाव संचालन हेतु अर्जुन तिवारी को प्रभारी नियुक्त किया गया। श्री तिवारी को प्रभारी नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र के वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों व कार्यकर्ताओं ने अर्जुन तिवारी को बधाई व शुभकामनाएं दी। जिसमें राजेन्द्र चन्द्रवंशी, अशोक कश्यप, रामेश्वर गबेल, रोहित गबेल, मनोहर चंद्राकर, विनोद रजक, अवनीश कश्यप, दिनेश पांडेय, किरण शर्मा, पालन सिंह बैस, चन्द्रभान सिंह ठाकुर, रमेश शर्मा, रिजवान खान, बाबूराम चंद्राकर, रामू चंद्राकर सहित वरिष्ठ नेताओं ने बधाई दी।

### ग्रापं खम्हरिया व छीतापार सरपंच जनता के मांग पर पुनः नामांकन दाखिल किया



**हरिभूमि कुण्डा।** जनपद पंचायत पंडरिया के ग्राम पंचायत खम्हरिया सरपंच श्रीमती प्रियंका नरेन्द्र निर्मलकर एवं छीतापार सरपंच जेठूराम निर्मलकर द्वारा अपने-अपने कार्य काल व जनता के आशीर्वाद से पांच वर्ष में विकास कार्य से कारण परिणाम यह हुआ कि दोनों ग्राम पंचायत के आम नागरिकों ने खम्हरिया के सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र निर्मलकर एवं छीतापार के सरपंच जेठूराम निर्मलकर को पुनः सरपंच पद हेतु कुण्डा त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन कार्यालय में नाम दाखिल कराया, जिसमें दोनों ग्राम पंचायत के जनता अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर दोनों सरपंचों को जीत की अग्रिम बधाई देते हुए श्रीराम लला की तेलचित्र भेंटकर व फूल-माला से स्वागत किया। इस दौरान पुरषोत्तम निर्मलकर, रूपलाल चंद्रवंशी, रमेश चंद्रवंशी, डॉ राधेलाल निर्मलकर, विनोद निर्मलकर, गोफेलाल, श्रवण चंद्राकर, नरेंद्र चंद्राकर, सुखचंद निर्मलकर, सम्मत निर्मलकर, तुलस निर्मलकर, मनीराम चंद्रवंशी, सुशील निर्मलकर, लवलेश निर्मलकर, ओमप्रकाश डाहिरे, मुकेश निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### बरबसपुर में राष्ट्रीय आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि बरबसपुर।** कवर्धा विकासखंड मुख्यालय अंतर्गत शासकीय उप स्वास्थ्य केंद्र बरबसपुर द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला बरबसपुर में 6 से 12 वर्ष के छात्र-छात्राओं का राष्ट्रीय आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्क्रीनिंग किया गया। कार्यक्रम प्रखर गुप्ता चिकित्सा अधिकारी, आरएचओ श्रीमती सती बर्वे, दया भारती आरएचओ ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को जन-जागरूक करते हुए कहां कि घेंघा एक रोग है, जिसमें गला फूल जाता हैं। यह शरीर में आयोडीन की कमी के कारण होता हैं, आयोडीन की कमी के कारण थायराइड ग्रन्थि में सूजन आ जाती हैं यह रोग बहुधा उन क्षेत्रों के लोगों को होता हैं जहां पानी में आयोडीन नहीं होता।

## कलेक्टर ने निर्वाचन प्रक्रिया की तैयारी के बारे में विस्तृत जानकारी दी

# नगरीय निकाय निर्वाचन तैयारी के लिए रिटर्निंग अधिकारियों की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में आगामी नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के लिए रिटर्निंग अधिकारियों की बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक में नगर पालिका और नगर पंचायत के रिटर्निंग अधिकारी सीएमओ तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त ने की। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया की तैयारी के बारे में विस्तृत जानकारी दी और अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान दिवस के दौरान राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा भेजी जाने वाली रिपोर्टों के बारे में पूरी जानकारी सुनिश्चित करें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त ने अधिकारियों से कहा कि मतदान दल की रवानगी और मतदान केंद्र पर उनके पहुंचने की सूचना समय पर भेजी जाए। इसके अतिरिक्त, मॉकपोल की प्रक्रिया, मतदान के दिन सुबह 10 बजे और दोपहर 1 बजे भेजी जाने वाली रिपोर्ट और शाम 4 बजे की रिपोर्ट की सूचना भी समय पर भेजने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि मतदान दल की सुरक्षित वापसी की सूचना भी समय रहते मुख्यालय को दी जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि रिपोर्ट्स और सूचना निर्धारित प्रारूप 03 में भेजी जाएं। उल्लेखनीय है कि जिले के सभी 7 नगरीय निकाय में वार्डों की संख्या 120 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 78 हजार 817 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 38 हजार 578, महिला मतदाताओं की संख्या 40 हजार 239 है। इन सभी निकायों में 145 मतदान केन्द्र है। नगर पालिका कवर्धा अंतर्गत वार्डों की संख्या 27 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 39 हजार 276 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 19 हजार 271, महिला मतदाताओं की संख्या 20 हजार 05 है। कवर्धा नगर पालिका अंतर्गत कुल 52 मतदान केन्द्र है। नगर पालिका पंडरिया अंतर्गत वार्डों की संख्या 18 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 14 हजार 715 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 7 हजार 150, महिला मतदाताओं की संख्या 07 हजार 565 है। पंडरिया नगर पालिका अंतर्गत कुल 18 मतदान केन्द्र है।

### जिले के सभी 7 नगरीय निकाय में वार्डों की संख्या 120



नगर पंचायत पाण्डातराई अंतर्गत वार्डों की संख्या 15 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 5 हजार 650 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 हजार 807, महिला मतदाताओं की संख्या 2 हजार 843 है। पाण्डातराई नगर पंचायत अंतर्गत कुल 15 मतदान केन्द्र है। नगर पंचायत पिपरिया अंतर्गत वार्डों की संख्या 15 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 3 हजार 875 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 हजार 920, महिला मतदाताओं की संख्या 1 हजार 955 है। पिपरिया नगर पंचायत अंतर्गत कुल 15 मतदान केन्द्र है। नगर पंचायत इंदौरी अंतर्गत वार्डों की संख्या 15 हैए जिसमें मतदाताओं की संख्या 4 हजार 731 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 हजार 306, महिला मतदाताओं की संख्या 2 हजार 425 है। नगर पंचायत इंदौरी अंतर्गत कुल 15 मतदान केन्द्र है। नगर पंचायत बोड़ला अंतर्गत वार्डों की संख्या 15 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 4 हजार 691 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 हजार 297, महिला मतदाताओं की संख्या 2 हजार 394 है। नगर पंचायत बोड़ला अंतर्गत कुल 15 मतदान केन्द्र है। नगर पंचायत लोहारा अंतर्गत वार्डों की संख्या 15 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 5 हजार 879 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 हजार 827, महिला मतदाताओं की संख्या 3 हजार 52 है, नगर पंचायत बोड़ला अंतर्गत कुल 15 मतदान केन्द्र है।



# दृष्टि व श्रवण बाधित विद्यालय के विद्यार्थियों को मैत्री-बाग का कराया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यालय सिंघनपुरी के दिव्यांग विद्यार्थियों को मैत्री बाग भिलाई का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। शैक्षणिक भ्रमण से छात्र-छात्राओं के किताबी ज्ञान के साथ-साथ प्रायोगिक ज्ञान की आवश्यकता होती है। जिसमें चिड़ियाघर में श्रवण बाधित छात्र छात्राओं को सांकेतिक भाषा के माध्यम से पर्यावरण एवं वन अभ्यारण में आवासित जानवर सफेद शेर, बाग, घड़ियाल, मगरमच्छ, चीतल, सांभर, लंगूर व विभिन्न प्रकार के पक्षियों के बारे में प्रत्यक्ष एवं प्रायोगिक रूप से अवगत करवाया गया। इसके माध्यम से छात्र-छात्राओं के बौद्धिक, मानसिक और शारीरिक विकास करवाया गया। इस भ्रमण कार्यक्रम के माध्यम से दिव्यांग छात्र छात्राओं को सिखाने और आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम अधीक्षक देव कुमार कौशिक, शिक्षकगण लक्ष्मी चंद्रा, जागेश्वरी चंद्रा, मनहरन यादव, पत्रिका कोसले, राजू महोबिया एवं संस्था के समस्त कर्मचारी गण उपस्थित थें।

# अशोका स्कूल की बेटियों ने लहराया परचम



■ खिलाड़ियों ने 5 पदक, 3 रजक व 3 कास्य पदक प्राप्त किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारत सरकार खेल मंत्रालय एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के द्वारा बी आर यादव इंडोर स्टेडियम बेहतराई बिलासपुर में खेलो इंडिया विमेंस पेंचाक सिलाट लींग का आयोजन किया गया। जिसमें इस प्रतियोगिता में पांच राज्य के 300 महिला खिलाड़ी 50 कोच मैनेजर और निर्णायक भाग लिए। उक्त प्रतियोगिता का उद्घाटन डॉ सीवी रमन यूनिवर्सिटी के कुलपति रवि प्रकाश दुबे ने किया एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के सह सचिव मनीष श्रीवास्तव ने किया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ के महासचिव अमरनाथ सिंह, रेनू पारीक ऑब्जर्वर स्पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, पंकज पांडेय ऑब्जर्वर स्पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, क्रीड़ा अधिकारी सुशील मिश्रा, सीवी रमन यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स डायरेक्ट शंकर यादव, बृजेश स्कूल के स्पोर्ट्स अधिकारी जावेद अली उपस्थित थे।

इस प्रतियोगिता के संयोजक शेख शमीर ने बताया कि प्रतियोगिता 31 जनवरी से 2 फरवरी तक आयोजित किया गया। जिसमें 2 फरवरी को भव्य समापन समारोह में खिलाड़ियों को पदक के साथ नगद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए फेडरेशन के राष्ट्रीय रेफरी एक पैनल यहां आई हुई है जो टीएसर सिस्टम का उपयोग करते हुए खिलाड़ियों को आधुनिक तकनीक से अवगत करा रही है, इस प्रतियोगिता में जिले के 13 खिलाड़ियों ने भाग लिया साथ ही अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक तथा 3 कास्य पदक पर अपना कब्जा जमा कर छत्तीसगढ़ व कबीरधाम जिले का नाम रौशन किया।

जिसमे सीनियर वर्ग में सकिना लहरे ने पहले राउंड में कोलकाता को 20-30 स्कोर से हराया और फाइनल राउंड में ओडिशा को 10-25 से हरा कर स्वर्ण पदक हासिल किया वही सब जूनियर वर्ग में नव्या चंद्रवंशी ने कोटर फाइनल राउंड में झारखंड को 9-13 स्कोर से हराया और फाइनल राउंड ओडिशा के साथ था जिसमें ओडिशा का 25-21 रहा इस के साथ कांस्य पदक प्राप्त हुआ।

इन खिलाड़ियों ने अशोका पब्लिक स्कूल व जिले का साथ साथ पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रौशन किया, इस उपलब्धि में अशोका पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर पवन देवांगन, सारिका देवांगन, स्कूल के प्राचार्य लोकनाथ देवांगन एवं समस्त अशोका परिवार के खिलाड़ियों की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

# नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा के प्रति समर्थन से पंडरिया में ट्रिपल इंजन की सरकार बनने जा रही है : भावना

■ विधायक ने नगर पालिका पंडरिया के विभिन्न वार्डों में किया जनसंपर्क।

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया



नगरीय निकाय चुनाव को लेकर सोमवार को पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने भाजपा की नगर पालिका पंडरिया अध्यक्ष प्रत्याशी श्रीमती मंजुला देवी कुर्रे और पार्षद प्रत्याशियों के साथ वार्ड क्रमांक 8 एवं 15 में जनसंपर्क किया और भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा की। इस दौरान श्रीमती भावना बोहरा ने वार्डवासियों से 11 फरवरी को होने वाले चुनाव में भाजपा को वोट देने की अपील की एवं जनसंवाद किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि डबल इंजन भाजपा सरकार में पंडरिया नगर को निरंतर विकास कार्यो की सौगात मिल रही है। उन्होंने आगे कहा कि जनता ने भाजपा पर जो विश्वास प्रकट किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर अपना भरोसा जताया उसे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने निभाया है। जनहित की योजनाओं को धरातल पर लाकर जनता को सीधे उसका लाभ दिलाया है। कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार को मिटाने का कम भाजपा के सुशासन में हुआ है। अब पंडरिया नगरवासियों के पास एक और अवसर है कि वो पंडरिया नगर के सर्वागीण विकास के लिए अपने मताधिकार से पंडरिया की समृद्धि के लिए भाजपा के विकास पथ पर अग्रसर होंगे। पिछले 1 वर्ष में हमने जो काम किया है वही हमारी पहचान है, लेकिन कांग्रेस ने केवल गरीबों, व्यापारियों, किसानों और महिलाओं के विश्वास को तोड़ा है। निःशुल्क एम्बुलेंस, छात्राओं के लिए निःशुल्क बस सेवा, युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग, जनसमस्याओं के निराकरण के लिए जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र की स्थापना से जनता को सुविधा और लाभ मिल रहा है। जनता के समर्थन से नगर पालिका पंडरिया में भाजपा की जीत के साथ ही इन सभी विकास कार्यों को और गति मिलेगी। हमारा लक्ष्य पंडरिया शहर को एक विकसित और मॉडर्न शहर के रूप में विकसित करने का है। सुविधाओं का विस्तार करना, युवाओं और क्षेत्रवासियों के लिए रोजगार के अवसर, किसानों को उनका अधिकार दिलाना, महिलाओं का सशक्तिकरण करने के साथ ही अधोसंरचना विकास हमारी प्राथमिकताएं हैं। हमें पूरा विश्वास है कि आगामी नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जनता भाजपा के सुशासन और विकासवादी नीतियों पर अपने विश्वास की मुहर लगाकर केवल पंडरिया विधानसभा ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में भाजपा को प्रचंड जीत दिलाएगी।

# छत्रकिशोर सानू तिवारी ने क्षेत्र क्रमांक 17 से जनपद सदस्य के लिए नामांकन दाखिल किया



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया क्षेत्रांतर्गत ग्राम सोमनापुर निवासी छत्रकिशोर सानू तिवारी ने जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 17 से भव्य रैली व गाजे बाजे के साथ नामांकन दाखिल किया गया। जिसमें ग्राम सैहामालगी, सोमनापुर, भटरूसे, मोतेसरा, निगापुर कुआमालगी, अमलीमालगी, महुआमड़वा, सेमरकोना, पथरी, कंझेटा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया गया। वहीं आसपास के क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणो से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिस तरह मतदाताओं द्वारा उत्साह व समर्थन दिखाई साथ ही साथ आसपास के क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। क्योंकि पहली बार युवा जनपद सदस्य के लिए क्षेत्र क्रमांक 17 से भारी समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल किया। वहीं छत्रकिशोर सानू तिवारी द्वारा लगातार गांव-गांव एवं क्षेत्रवासियों के बीच जाकर मतदाताओं के साथ भेंट-मुलाकात कर ग्रामीणों से रूबरू व समस्याओं से अवगत हो रहे है।

## पिपरिया महाविद्यालय में सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन



**हरिभूमि पिपरिया।** महंत श्रीराम जानकी शरण दास वैष्णव शासकीय स्नातक महाविद्यालय पिपरिया में जेपी साहू के सेवानिवृत्ति पर विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ एसके श्रीवास बताया कि 38 वर्षों तक पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी समय के पाबंद से सेवाएं दिए व कॉलेज के विकास में अतुलनीय योगदान रहा। सहायक प्राध्यापक सत्येंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि श्री साहू का बेदाग सफर रहा। महाविद्यालय के प्रति ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के लिए उन्हें जाना जाएगा। वहीं सहायक प्राध्यापक बृजभूषण वर्मा ने कहा कि आज भले ही वे सेवा निवृत हो रहे हो, लेकिन वे कॉलेज व सामाजिक सरोकारों से सदैव जुड़े रहेंगे। इस कार्यक्रम में कन्या महाविद्यालय कवर्धा के सहा प्राध्यापक असित मिश्रा सहित समस्त स्टाफ द्वारा श्री साहू का सम्मान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार द्वारा जेपी साहू व श्रीमती गायत्री साहू को सम्मान के साथ अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर विदा किया गया। उक्त कार्यक्रम में सीआर साहू, अभिजीत केशरवानी, डॉ दिनेश टंडन, डॉ ममता दुबे, सुश्री लीना झरिया, आराधना सेन, श्रद्धा चंद्रवंशी, डॉ सरस्वती राठौर, गायत्री जायसवाल, प्रकाश चंद्रवंशी, संदीप ठाकुर, जीवन सिंह मरकाम, आराधना देवांगन, सुमन चन्द्रवंशी एवं महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी गण उपस्थित थें।

## नन्हें-मुन्हें बच्चों ने शानदार मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी

# चैतन्य स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मना वार्षिकोत्सव




हरिभूमि न्यूज ⏭पोंड़ी

पोंड़ी स्थित चैतन्य पब्लिक स्कूल में शनिवार को भव्य वार्षिकोत्सव प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व भारत माता की तैलचित्र पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में चैतन्य हिंदी व अंग्रेजी माध्यम स्कूल के नन्हे मुन्हे बच्चों ने छत्तीसगढ़ की लोक कला व सांस्कृतिक पर आधारित राउत नाच, पंथी नृत्य, कर्मा, सुआ, बस्तरिहा गीत पर शानदार मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा बस्तर की संस्कृति और अन्य राज्यों की संस्कृति पर भी आधारित जैसे राजस्थानी, मराठी, पंजाबी जैसे सांस्कृतियों की प्रस्तुति दी गई।

वहीं कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न घोषणाएं की गई, जिसमे छात्र जयराम साहू द्वारा कक्षा 10वीं में स्कूल टॉपर को 4001 रुपए, वेद साहू जिला में टॉप करने पर 5001 रुपए, भरत साहू 90 प्रतिशत लाने पर 5 हजार रुपए एवं टुम्मन कोसले व भूपेश वर्मा छत्तीसगढ़ टॉप टेन 11000 रुपए, मुकेश वर्मा 6000 रुपए, नरेंद्र चंद्रवंशी 1000 रूपए, पॉयनियर कोचिंग 1000 रूपए, चैतन्य हाई स्कूल की तरफ से प्रत्येक वर्ष दो विद्यार्थी जिनके माता या पिता न हों को मुफ्त शिक्षा देने की घोषणा किया। इस दौरान वेद साहू द्वारा जिला टॉपटेन में जगह बनाने वाले स्टूडेंट ओमप्रकाश साहू को 5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दिया गया। इसके साथ ही साथ टीचर ऑफ द ईयर हिंदी माध्यम पूनम दास साहू, टीचर ऑफ द ईयर अंग्रेजी माध्यम तनु नामदेव, टीचर ऑफ द ईयर प्राइमरी सेक्शन सबा कादरी और स्टूडेंट ऑफ द प्रकाश वर्मा कक्षा 10वी, शिवरानी यादव अंग्रेजी माध्यम में रही जिनको शिल्ड देकर मुख्यातिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम के आयोजक चैतन्य यादव ने बताया कि प्रेरणा कार्यक्रम का उद्देश्य अपनी संस्कृति का प्रदर्शन एवं सभी क्षेत्रो में विशेष योगदान देने वाले गणमान्य जनों का सम्मान करना था। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ एमएल बाचकर, प्राचार्य एनके चंद्रवंशी, पीआर चंद्रवंशी, जयराम साहू, संतोष साहू, वेद साहू शाला विकास समिति पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अध्यक्ष, रवि निषाद, हरीश साहू, शत्रुहन वर्मा स्कूल संचालक, शिवनारायण यादव व ग्रामवासी गण उपस्थित थें।



## खबर संक्षेप

### प्रेक्षक बी. विवेकानंद रेड्डी ने किया निरीक्षण

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत जिला कबीरधाम के लिए नियुक्त प्रेक्षक बी. विवेकानंद रेड्डी ने नाम निर्देशन पत्र लेने और जमा करने की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी, जिला पंचायत सीईओं अजय त्रिपाठी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी गजेन्द्र साहू, श्रीमती रश्मि दुबे उपस्थित थे।

### बग्गा नपं पिपरिया के बने चुनाव प्रभारी



**कवर्धा।** नगरीय निकाय चुनावों में सफलता के लिए कृत संकल्पित भारतीय जनता पार्टी ने पिपरिया नगर पंचायत के चुनाव प्रभारी के रूप में पार्टी के कुशल रणनीतिकार और पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा को कमान सौंपी है। पार्टी ने उन्हें नगर पंचायत पिपरिया का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। यहां बताना लाजिमी होगा कि श्री बग्गा ने पार्टी में बूथ अध्यक्ष से अपना राजनैतिक कार्य प्रारंभ करते हुए युवा मोर्चा, कवर्धा शहर मंडल अध्यक्ष, जिला भाजपा उपाध्यक्ष के रूप में संगठन के विभिन्न पदों पर पार्टी द्वारा दिए गए समस्त दायित्वों का सफल निर्वहन कर कार्यकर्ताओं के बीच अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। जसविंदर बग्गा की पहचान संगठन के कुशल कार्यकर्ता के रूप में रही है जिसके चलते पार्टी उन्हें प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के साथ-साथ प्रदेश के बाहर भी चुनावी कार्य हेतु भेजते रही है। श्री बग्गा ने उत्तराखंड विधानसभा चुनावों में यमकेश्वर विधानसभा तथा असम के विधानसभा चुनाव में भी बड़ी भूमिका के साथ पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में जिम्मेदारी निभाई। माना जा रहा है कि नगर पंचायत पिपरिया में भी उनके अनुभव का लाभ पार्टी और पार्टी प्रत्याशियों को मिलेगा। उन्हे नगर पंचायत पिपरिया का चुनाव प्रभारी नियुक्त किए जाने से भाजपा कार्यकर्ताओं व स्थानीय भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों खुशी व्याप्त है।

# श्रद्धा भक्ति के साथ अंचल में मनाई गई बसंत पंचमी, की गई मां सरस्वती की अराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

दूसरे पर्वो की तरह अंचल में भी इस बार बसंत पंचमी का पर्व 2 फरवरी और 3 फरवरी को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। हालांकि जहां तक बसंत पंचमी के अवसर पर पूजा पाठ, स्नान, ध्यान की बात की जाए तो वह 3 फरवरी को ही किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से विद्या की देवी, मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। गौरतलब है कि बसंत पंचमी का पर्व हर साल वसंत ऋ तु के आगमन और विद्या की देवी के पूजन के रूप में मनाया जाता है। इस दिन विशेष रूप से विद्यार्थी, शिक्षक और साधक मां सरस्वती से ज्ञान, विद्या और सफलता की प्राप्ति की कामना करते हैं। बसंत पंचमी के मौके पर सोमवार को सुबह से ही मंदिरों, स्कूलों, कॉलेजों और घरों में पूजा का आयोजन किया गया। खासतौर पर शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों ने पूजा पाठ कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पर्व के मौके पर लोगों ने नगर के मंदिरों में भी पहुंचकर बसंत पंचमी में भगवान को मुख्य रूप से अर्पित किए जाने वाले आम के बौर, गेंहू की बाली, सरसों के फूल आदि भगवान को अर्पित किए। कई स्कूल और कॉलेजों में भी बसंत पंचमी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों ने कविता पाठ, संगीत, और नृत्य प्रस्तुतियां दीं, जिससे वातावरण उल्लास से भर गया। कई स्कूलों में छात्रों ने अपनी किताबों पर पीला वस्त्र भी लपेटा, जो इस पर्व के पारंपरिक रूप को दर्शाता है। यहां बताना लाजिमी होगा कि बसंत पंचमी पर विद्या की देवी की पूजा का विशेष महत्व है, खासकर छात्रों और विद्यार्थियों के लिए, जो इस दिन अपने ज्ञान और शिक्षा के प्रति अपनी श्रद्धा और समर्पण विद्या की देवी मां सरस्वती के प्रति व्यक्त करते हैं। वहीं, कई स्थानों पर बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती वंदना और शांति पाठ का आयोजन भी हुआ। साथ ही, लोग इस दिन को नए सिरे से जीवन में ऊर्जा और उत्साह लाने का समय मानते हुए उत्सव मनाते हैं। कुल मिलाकर अंचल में बसंत पंचमी धूमधाम व श्रद्धा भक्ति के साथ मनाई गई।

### ग्राम डोमसरा के स्कूल में मनाई गई बसंत पंचमी



ब्लाक अन्तर्गत विद्यालयों सहित घरों में लोगों ने सोमवार को बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। प्राथमिक व माध्यमिक शाला डोमसरा में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने पूजा अर्चना किया। जिसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के शिक्षिका गिरिजा पटेल द्वारा बच्चों के कार्यक्रम तैयार कराया गया। जिसमें प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती पूजा किया।साथ ही अनेक लोग गीतों, सुआ नृत्य, कर्मा नृत्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में कुमुदिनी तिवारी, मोहन राजपूत, यशवंत पाठक, गिरिजा पटेल सहित विद्यालय के बच्चे व ग्रामीण उपस्थित थे।

### बच्चों ने स्कूल में दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बालक पिपरिया में बसंत पंचमी पर्व पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर एचएम श्रीमती संयोगिता सोनी द्वारा मां सरस्वती देवी की चित्र पर पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात स्टाफ व विद्यार्थियों ने पूजा अर्चना की। शिक्षिका श्रीमती अर्चना शर्मा द्वारा मां सरस्वती वंदना, भजन गाया तथा विद्यार्थियों को भी भजन गाने के लिए प्रेरित किया। शिक्षक बिहारी दास वैष्णव ने बताया कि बसंत पंचमी के दिन एक महान विद्वान व कवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का जन्म दिन है तथा उनके द्वारा गीत वर दे, वर दे वीणा, वादनी, वर दे, वीणा वादनी। प्रसिद्ध रचना कवि निराला द्वारा दी।

## चुनाव: मतदाताओं पर डाले जा रहे हैं तरह-तरह से डोरे

# चुनाव के दौर में हर आम मतदाता बना सिरमौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा तथा पंडरिया नगर पालिका क्षेत्र सहित जिले की पांचों नगर पंचायतों में चुनावी सरगर्मियां अपने पूरे शबाब पर हैं। दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों सहित दर्जनों निर्दलीय प्रत्याशी भी मैदान मारने ऐड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। प्रत्याशी कोई, ऐसा कोई मौका नहीं छोड़ना चाहता जिससे मतदाता उसके हांथ से बिदक जाए। मतदाताओं को अपनी मुठ्ठी में करने और दूसरी गतिविधियां संचालित करने लाखों रूपए पानी की तरह बहाया जा रहा हैं। प्रत्याशी, नेता व उनके समर्थक जात-पात, भेदभाव, ऊंच-नीच, गिले-शिकवे भूलकर दिन-रात उन मतदाताओं की चौखट चूम रहे हैं। जिनसे उनका इससे पहले कोई सरोकार नहीं रहा और यह सब किया जा रहा है सिर्फ कुर्सी के लिए। कहना गलत नहीं होगा कि कुर्सी के इस खेल का रैफरी बना मतदाता भी मौजूदा स्थिति में चांदी काट रहा है। चुनाव लड़ने वाला प्रत्याशी चाहे किसी दल का हो या निर्दलीय, अपने रैफरी की जमकर खातिर कर रहा है। मानो कोई चिराग लिए मतदाता भी वोट मांगने पहुंचे प्रत्याशियों से फरमाईश करने मे पीछे नहीं है। प्रत्याशी भी किसी जिन्न की तरह क्या हुक्म है मेरे आका कहकर उनकी छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी फरमाईशों को पूरा करने आतुर दिखाई दे रहा है। जो फरमाईशें किसी कारणवश तत्काल पूरी नहीं की जा पा रही है उनके लिए आश्वासन दिया जा रहा है। कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र की बात की जाए तो यहां के मतदाता भी प्रत्याशियों के सामने अपनी फरमाईशें रखने में पीछे नहीं रह रहे हैं। कुछ ऐसे मतदाता भी हैं जो अपने मताधिकार की ताकत को समझ कर बगैर फरमाईश के ही मतदान करते हैं।

### मतदाताओं की फरमाइशें कहीं आगे न पड़ जाएं भारी




खैर चुनाव में मांगने की तो परम्परा है लेकिन यह काम सिर्फ प्रत्याशियों का है। वोट मांगना उनका अधिकार है पर मतदाताओं की मांगों को देखकर लगता है कि मतदाता अपने अधिकारों का सौदा कर रहे हैं। नगर के प्रबुद्ध मतदाताओं का मानना है कि ऐसे ही नासमझ व सौदेबाजी करने वाले मतदाताओं की ही वजह से जीतकर आने के बाद जनप्रतिनिधियों की मानसिकता बदल जाती है और वे भी समय आने पर नगरवासियों की छोटी-छोटी समस्याओं के निराकरण के एवज में सौदेबाजी करते हैं। ऐसी नौबत न आए इसके लिए प्रत्येक मतदाता को अपने विवेक से सोंच विचार कर अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए एक ऐसे प्रत्याशियों को चुनना होगा जो नगरवासियों के भरोसे पर खरा उतरे।

# जिपं प्रत्याशियों की नामांकन रैली में शामिल हुईं विधायक



- नामांकन दाखिल करने वाले भाजपा प्रत्याशियों में दियाा भारी उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगरीय निकाय चुनाव के बाद 17 फरवरी से त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव होने है। सभी पार्टियों ने अपने अधिकृत प्रत्याशियों को घोषणा कर दी है वहीं नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। इसी कड़ी में सोमवार को कबीरधाम जिला कार्यालय, कवर्धा में पंडरिया विधायक भावना बोहरा कबीरधाम जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 प्रत्याशी दीपा धुर्वे, क्षेत्र क्रमांक 2 से उत्तरा साहू, क्षेत्र क्रमांक 4 से राजेश्वरी महेंद्र कुमार धृतलहरे, क्षेत्र क्रमांक 12 से रोशन दुबे एवं क्षेत्र क्रमांक 13 से राजकुमारी राजेन्द्र साहू के नामांकन रैली में शामिल हुई, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे। इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि नामांकन रैली में उमड़ी भीड़ और जनता का उत्साह यह स्पष्ट कर रहा है कि जनता भाजपा के साथ है और हमारे ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों को प्रचंड मतों से विजयी बनाएगी। विगत चुनाव में मैनें भी जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-12 से अपनी राजनीतिक शुरुआत की थी और जनता ने जितना अपार समर्थन और सहयोग मुझे दिया वह आजीवन मुझे याद रहेगा। मेरा सौभाग्य रहा की मुझे मेरे क्षेत्रवासियों की सेवा करने का अवसर मिला इसके लिए मैनें जो संकल्प किये थे उन्हें पूरा करना मेरे लिए अपने आप में गौरव की बात है। विगत चुनाव में हमने रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल की थी और हमें पूरा विश्वास है कि इस वर्ष भी चुनाव में क्षेत्र की जनता भाजपा को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाएगी। हमने क्षेत्रवासियों के बेहतर स्वास्थ्य और आपातकालीन परिस्थिति में उन्हें त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत की। इस सेवा से हजारों परिवारों को आपातकालीन एवं विषम परिस्थियों में त्वरित सेवा का लाभ मिला। ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत बेटियां जो आवागमन के अभाव में अपने आगे की पढ़ाई नहीं कर पा रही थी उनके लिए 3 निःशुल्क बस सेवा की शुरुआत की जिससे सैकड़ों बेटियां आज उच्च शिक्षा अर्जित कर अपना भविष्य उज्ज्वल बना रही हैं और आने वाले 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 4 अतिरिक्त निःशुल्क बसों का संचालन शुरू होगा। नारी सम्मान अलंकरण के माध्यम से हमने क्षेत्र की उन महिलाओं को प्रोत्साहित किया जो अपने हौसले और हुनर से विभिन्न क्षेत्रों में हमारे प्रदेश व क्षेत्र का नाम रोशन कर रही हैं। हमारे दिव्यांगजनों को निःशुल्क उपकरण वितरण, हमारे जनजातीय समुदाय द्वारा हमारी आदिवासी परंपरा और संस्कृति को सहेजने में उनके योगदान के लिए आदिवासी सम्मान समारोह जैसे आयोजन किए। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने बताया कि विगत एक वर्ष में पंडरिया विधानसभा में विकास कार्यों, अधोसंरचना निर्माण एवं जन सुविधाओं के लिए अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। हमारे किसान भाईयों-बहनों के हित के साथ-साथ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में भी विकास कार्य आकार ले रहें जो उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ रहें हैं। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए शुरू की गई महतारी वंदन योजना के माध्यम से पंडरिया विधानसभा की 1 लाख 25 हजार महिलाओं को प्रतिवर्ष 12000 रुपये की आर्थिक सहायता मिल रही है। हमारे पंडरिया विधानसभा अंतर्गत आने वाले आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र कुई-कुकदुर में भी पीएम जनमन योजना के तहत 3342 आवास को स्वीकृति दी गई है। पंडरिया विधानसभा के भी 14088 आवासों को स्वीकृति मिली एवं पहली किश्त उनके खातों में जारी की गई। इसके साथ ही पंडरिया विधानसभा में विधायक निधि के तहत सामुदायिक भवन, यात्री प्रतीक्षालय,सीसी रोड, जैसे अधोसंरचना विकास हेतु 4 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत हुए हैं।

# बसंत पंचमी के साथ ग्रीष्म ऋतु का आगमन टपकने लगा लोगों के माथे से पसीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा सहित पूरे जिले में जहां इस समय नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव की तपिश महसूस की जा रही है वहीं बसंत पंचमी के साथ ही ग्रीष्म ऋतु का प्रभाव भी कम से कम कवर्धा शहर में तो दिखाई देने लगा है। आम तौर पर बसंत पंचमी को शीत ऋतु की विदाई और बसंत के आगमन का प्रतीक माना जाता है, लेकिन इस वर्ष का मौसम कुछ अलग ही संकेत दे रहा है। बसंत पंचमी के पूर्व फरवरी माह प्रारंभ होने के साथ ही अंचल का मौसम अचानक बदल गया है और ठंड लगभग गायब हो चुकी है तथा तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है। स्थिति ये है कि कुछ दिनो तक गुनगुनी धूप में राहत महसूस करने वाले कवर्धा नगर के बासिंदों के माथे से पसीना टपकना शुरू हो गया और लोग पंखा की हवा में सुकून महसूस कर रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, इस समय मौसम में असामान्य बदलाव देखा जा रहा है, जिससे ग्रीष्म ऋतु का प्रभाव पहले ही महसूस होने लगा है। तापमान में अचानक वृद्धि ने लोगों को मुश्किल में डाल दिया है। दिन में तेज धूप और गर्मी की वजह से वातावरण में आर्द्रता बढ़ गई है, जिससे लोगों का माथा पसीने से भीगने लगा है। इस बढ़ते तापमान के कारण लोग गर्मी से राहत पाने के लिए छांव की तलाश कर रहे हैं और पानी का सेवन बढ़ा दिया है। वहीं, मौसम विभाग ने आगामी दिनों में और अधिक गर्मी और उमस की संभावना जताई है। हालांकि अभी भी जिले के वनांचल ईलाकों में सूर्योदय के पूर्व और सूर्यास्त के बदल हल्की ठंड महसूस की जा रही है लेकिन माना जा रहा है कि अब यह ठंड भी ज्यादा दिनो तक नहीं रहेगी और वनांचल में ग्रीष्म ऋतु अपना प्रभाव दिखाने लगेगी।

### बदलते मौसम का असर लोगों की सेहद पर

अंचल के तापमान में अचानक हुए इस बदलाव और तापमान में इस अप्रत्याशित बढ़ोतरी ने लोगों की सेहद पर भी प्रभराव डालना शुरू कर दिया है और लोगों में सर्दी खांसी की शिकायत शुरू हो गई। माना जा रहा है कि अब जब तक लोगों का शरीर ग्रीष्म ऋतु के हिसाब से ढल नहीं जाता उन्हें इस प्रकार की शारीरिक समस्याएं उठानी ही पड़ेगी। अब देखना यह है कि आने वाले दिनों में मौसम किस दिशा में बदलता है और मौसम आगे क्या गुल खिलाता है।

# कलेक्टर वर्मा ने किया नामांकन प्रक्रिया का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सोमवार को त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत नाम निर्देशन पत्र लेने और जमा करने की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नाम निर्देशन प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारियाँ प्राप्त कीं और संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि नाम निर्देशन पत्र लेने और जमा करने की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और निष्पक्ष होनी चाहिए। सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी आयोग के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करें, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया सुगमता से चले। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को उचित जानकारी और सहयोग प्रदान किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि चुनाव कार्य सुगम और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो। इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी, जिला पंचायत सीईओं अजय त्रिपाठी उपस्थित थे।

### लोकसभा के बजट सत्र में शामिल होने सांसद संतोष पाण्डेय दिल्ली प्रवास पर



**कवर्धा।** राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय लोकसभा के बजट सत्र में शामिल होने के लिए दिल्ली प्रवास पर हैं। इस संबंध में सांसद कार्यालय कवर्धा से मिली जानकारी के मुताबिक लोकसभा सत्र का प्रथम चरण दिनांक 31 जनवरी से 13 फरवरी तक आयोजित होगा। इस दौरान केंद्रीय बजट पर चर्चा होगी। जिसमें शामिल होने के लिए क्षेत्रीय सांसद श्री पाण्डेय दिल्ली प्रवास पर रहेंगे।

## चने की प्रोत्साहन राशि के लिए एक भी छोटे किसान नहीं छूटने चाहिएः सांसद

# जिपं के 14 क्षेत्र क्रमांकों से सदस्य पद के लिए 119 अभ्यर्थियों ने भरा नामांकन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 119 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। कबीरधाम जिले में जिला पंचायत सदस्य के लिए 14 जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक में निर्वाचन होना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने अधिकारियों को निर्वाचन के दौरान सभी प्रक्रियाओं को सही ढंग से और पारदर्शिता के साथ निष्पक्ष रूप से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत सीईओं एवं रिटर्निंग अधिकारी पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कबीरधाम जिले में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत 14 जिला पंचायत सदस्य के लिए कुल 119 अभ्यर्थियों ने अपना नमांकन दाखिल किया। जिसके तहत क्षेत्र क्रमांक 01 से 07, क्षेत्र क्रमांक 02 से 08, क्षेत्र क्रमांक 03 से 07, क्षेत्र क्रमांक 04 से 04, क्षेत्र क्रमांक 05 से 05, क्षेत्र क्रमांक 06 से 08, क्षेत्र क्रमांक 07 से 09, क्षेत्र क्रमांक 08 से 04, क्षेत्र क्रमांक 09 से 07, क्षेत्र क्रमांक 10 से 08, क्षेत्र क्रमांक 11 से 17, क्षेत्र क्रमांक 12 से 13, क्षेत्र क्रमांक 13 से 08 और क्षेत्र क्रमांक 01 से 14 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया। जिले में जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन के लिए क्षेत्र की संख्या 14 है। जिले में जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत मतदाओं की संख्या 5 लाख 88 हजार 824 है। इसके अंतर्गत पुरूष निर्वाचकों की संख्या 2 लाख 93 हजार 438, महिला निर्वाचकों की संख्या 2 लाख 95 हजार 384 एवं तृतीय लिंग निर्वाचकों की संख्या 2 है। जपं क्षेत्र कवर्धा क्षेत्र अंतर्गत पंचायतों की संख्या 105 है, जिसमें निर्वाचकों की संख्या 1 लाख 37 हजार 255 है। इसके अंतर्गत पुरूष निर्वाचकों की संख्या 69 हजार 185, महिला निर्वाचकों की संख्या 68 हजार 70 है। जनपद पंचायत क्षेत्र सहसपुर लोहारा क्षेत्र अंतर्गत पंचायतों की संख्या 96 है, जिसमें निर्वाचकों की संख्या 1 लाख 20 हजार 493 है। इसके अंतर्गत पुरूष निर्वाचकों की संख्या 59 हजार 813 एवं महिला निर्वाचकों की संख्या 60 हजार 679 एवं तृतीय लिंग निर्वाचकों की संख्या 1 है। जनपद पंचायत क्षेत्र बोड़ला क्षेत्र अंतर्गत पंचायतों की संख्या 125 है, जिसमें निर्वाचकों की संख्या 1 लाख 45 हजार 313 है। इसके अंतर्गत पुरूष निर्वाचकों की संख्या 71 हजार 187 एवं महिला निर्वाचकों की संख्या 74 हजार 125 एवं तृतीय लिंग निर्वाचकों की संख्या 1 है। जनपद पंचायत क्षेत्र पंडरिया क्षेत्र अंतर्गत पंचायतों की संख्या 143 है, जिसमें निर्वाचकों की संख्या 1 लाख 85 हजार 763 है। इसके अंतर्गत पुरूष निर्वाचकों की संख्या 93 हजार 253, महिला निर्वाचकों की संख्या 92 हजार 510 है। जिले के सभी 4 जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 1163 है। जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 265, जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 243, जनपद पंचायत बोड़ला अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 308, जनपद पंचायत पंडरिया अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 347 है।

# विद्यार्थियों को दिए गए अच्छे उत्तर लेखन के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित दसवीं व बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं आगामी एक मार्च से प्रारम्भ होने जा रहा है। विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए साल भर केवल पढ़ना ही पर्याप्त नहीं होता है, बल्कि उत्तर लिखने का सही तरीका भी बहुत महत्वपूर्ण होता है। अगर आपको परीक्षा में पास होना है तो आपको बेहतर पढ़ाई के साथ-साथ कॉपी लिखने का सही तरीका भी आना चाहिए. परीक्षक के सामने आपके व्यक्तित्व का प्रतिनिधित्व आपकी परीक्षा की कॉपी करती है। यदि हमारे उत्तर लिखने का तरीका सही हो तो हमें अच्छे नम्बर मिलते हैं, परंतु सही तरीके से उत्तर न लिखे हों तो अपेक्षा के अनुरूप नम्बर नहीं मिलते हैं। महात्मा गांधी ने कहा था कि सुंदर लिखावट हाथ का आभूषण है। इन्हीं बातों को दृष्टिगत रखते हुए जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने विद्यार्थियों को अच्छे उत्तर लेखन के तरीके बताये. उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि परीक्षा कक्ष में पूरे आत्मविश्वास के साथ जाएं और सबसे पहला काम प्रश्न पत्र हाथ में आते ही सभी प्रश्नों को ध्यान से पढ़े। जिस प्रश्न का जवाब अच्छे से आता है, उसी प्रश्न को सबसे पहले हल करें, चाहे वह प्रश्न पत्र में किसी भी क्रम में दिया गया हो। उत्तर देते समय प्रश्न क्रमांक को उत्तर पुस्तिका के मध्य में स्पष्ट लिखकर काले पेन से अंडरलाइन करें। एक प्रश्न का जवाब देने के बाद दूसरे प्रश्न का उत्तर दो या तीन लाइन खाली छोड़नेके बाद लिखें। किसी प्रश्न को हल करने के बाद उस पृष्ठ में तीन-चार लाइन ही बचे हों तो अगले प्रश्न का उत्तर नए पेज से लिखें। आवश्यकतानुसार पेंसिल से नामांकित चित्र बनाकर उत्तर लिखें। शब्द सीमा को ध्यान में रखते हुए उत्तर दें। उत्तर पुस्तिका में बांयी ओर मार्जिन छोड़कर लिखें। दो प्रश्नों में से किसी एक को हल करने का विकल्प हो तो वही प्रश्न हल करें जिसका जवाब अच्छी तरह से आता हो। सभी प्रश्नों के जवाब जरूर दें, किसी भी प्रश्न को न छोड़े। यदि लिखते समय कोई गलती हो जाये तो उसमें एक सीधी कट खींच दें, ज्यादा कट-पिट न करें। जरूरत के अनुसार हेडिंग व बिंदुवार उत्तर दें। गणित के प्रश्नों को हल करते समय सभी छोटे से छोटे स्टेप को लिखें. परीक्षा में उत्तर देते समय निर्धारित समय सीमा का ध्यान रखें।